तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 26.5 डिग्री

हरिभूमि

रायपुर भूमि

रायपुर, गुरुवार 10 अप्रैल 2025

16 हड़ताली पंचायत सचिवों को सरकार की चेतावनी...

16 लाइसेंस नवीनीकरण नहीं, दो आरा मिल सील

खबर संक्षेप

अनुसूचित जाति की युवती से रेप, आजीवन कारावास

रायपुर। अनुसूचित जाति की युवती को शादी करने का प्रलोभन देकर आठ साल तक रेप करने के आरोप में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटीज ने आजीवन कारावास तथा चार हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक उमाशंकर वर्मा के अनुसार कोर्ट ने पंकज शर्मा को कैद की सजा सुनाई है। पंकज ने बिलासपुर में इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान अपोलो अस्पताल में नर्स के रूप में काम करने वाली युवती को शादी करने का प्रलोभन देकर उसके साथ आठ साल तक रेप किया।

मामूली विवाद पर गंडासा से हमला, दो गिरफ्तार

रायपुर। कबीर नगर थाने की पुलिस ने मामूली विवाद में गंडासा से हमला करने के आरोप में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जयप्रकाश चौहान पर गंडासा से प्राणघातक हमला करने के आरोप में पुलिस ने मुकेश दीप, राजा पिल्लई को गिरफ्तार किया है। जयप्रकाश लोक सेवा ऑफिस में काम करता है। शनिवार को मुकेश नशे की हालत में लोक सेवा ऑफिस के बाहर गाली-गलौज कर रहा था। मना करने पर मुकेश ने अपने साथी राजा के साथ लोक सेवक ऑफिस में घुसकर जयप्रकाश पर गंडासा से प्राणघातक हमला कर दिया।

बाइक चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

रायपुर। खमतराई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बाइक चोरी कर बेचने की फिराक में ग्राहक तलाश रहे दो युवक को गिरफ्तार किया है। निखिल नायडू की शिकायत पर पुलिस ने संदीप बिसेन, मयूर टेमरे को गिरफ्तार किया है। दोनों शुक्रवार को निखिल की बाइक को शिवानंद नगर से चोरी कर बेचने की फिराक में ग्राहक तलाश रहे थे।

तीनों संदिग्ध आरोपियों का हो नार्को टेस्ट, पीड़ित परिवार को मिले न्याय

रायपुर। दुर्ग में 6 वर्ष की मासूम का बलात्कार हत्या के मामले में पीड़िता की मां ने कहा है कि जिसे आरोपी बनाया गया है वो निर्दोष है। इस संबंध में युवा नेता विनोद तिवारी ने कहा कि ऐसी स्थिति में पीड़ित परिवार की संतुष्टि के लिए एवं मृतका को न्याय दिलाने के लिए तीनों संदिग्ध आरोपियों का नार्को टेस्ट करवाया जाना अब अति आवश्यक हो गया है, ताकि दोषी को फांसी के फंदे तक पहुंचाया जा सके, ऐसा ना हो कि किसी चूक का फायदा उठा कर केस के ट्रायल में आरोपी क़ानूनी दांव पेंच का फायदा उठा कर बरी हो जाए, ऐसे लोग समाज के लिए कलंक हैं ऐसे लोगों की समाज में कोई जगह नही होनी चाहिए। फ़ास्टट्रेक कोर्ट के माध्यम से 30 दिन में ट्रायल पूरा करा कर ऐसे दरिंदों को फांसी की सजा होना चाहिए ताकि अपराधियों के मन में क़ानून का ख़ौफ़ हो और ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

दो घंटे एयरक्राफ्ट और दो घंटे टर्मिनल में इंतजार के बाद नसीब हुई दूसरी फ्लाइट

उड़ान से पहले फ्लाइट में खराबी, दिल्ली एयरपोर्ट पर यात्रियों के साथ चार घंटे फंसे रहे सांसद, विधायक भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दिल्ली विमानतल से उड़ान के ठीक पहले इंडिगो की रायपुर आने वाली फ्लाइट में तकनीकी खराबी आ गई। फ्लाइट में सांसद कमलेश जांगड़े, विधायक मोतीलाल साहू, लता उसेंडी सहित करीब 80 यात्री सवार थे। दो घंटे एयरक्राफ्ट और दो घंटे टर्मिनल में इंतजार के दौरान यात्री परेशान होते रहे, तब जाकर यात्रा के लिए दूसरी फ्लाइट की व्यवस्था की गई। यह फ्लाइट दोपहर साढ़े 12 बजे टेकऑफ होती है, जो साढ़े चार बजे रायपुर के लिए उड़ी तब यात्रियों ने राहत की सांस ली। बताया जाता है कि इंडिगो की फ्लाइट नंबर 6ई-6312 दोपहर साढ़े 12 बजे रवाना होकर 2.25 बजे रायपुर में लैंड होती है।

खास खबर

बुधवार को इस फ्लाइट में यात्रियों की बोर्डिंग प्रक्रिया पूरी हुई, जिसके बाद फ्लाइट को उड़ान के लिए तैयार किया जा रहा था। इसी दौरान पता चला कि उसमें तकनीकी खराबी आ गई है। यात्री फ्लाइट में बैठकर उसके ठीक होने और अपना सफर शुरू होने का इंतजार करते रहे। समस्या बड़ी थी, इसलिए सुधार में वक्त लगने की संभावना को देखते हुए विमान में सवार यात्रियों को लगभग दो घंटे बाद उतारकर टर्मिनल में इंतजार करने भेज दिया गया। काफी देर प्रतीक्षा के बाद यात्रियों का धैर्य जबाव देने लगा, तो उन्हें बताया गया कि उनके लिए दूसरे एयरक्राफ्ट का इंतजाम किया जा रहा है। वहां भी लगभग दो घंटे प्रतीक्षा के बाद यात्रियों को दूसरी फ्लाइट में बैठाया गया जो 4.27 बजे रायपुर के लिए टेकऑफ होकर यहां 6.20 बजे लैंड हुई। रायपुर में विमान से उतरने के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली।

दोपहर साढ़े 12 की उड़ान साढ़े 4 बजे शुरू हुई तब यात्रियों ने ली राहत की सांस

मीटिंग में शामिल होने गए थे सांसद-विधायक

रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू ने बताया कि वे मीटिंग में शामिल होने के लिए दिल्ली आए थे। प्रभावित फ्लाइट से उनकी वापसी होनी थी। साथ में जांजगीर सांसद कमलेश जांगड़े, कोंडागांव विधायक लता उसेंडी मौजूद थे। साहू ने बताया कि बोर्डिंग प्रक्रिया पूरी हुई थी और सभी यात्री सफर के लिए तैयार थे, इसी दौरान फ्लाइट में तकनीकी खराबी के बारे में उन्हें जानकारी दी गई।

स्वागत है शिक्षा के बाजार में... नया सत्र प्रारंभ, इस बार पालकों की जेब ढीली करने नए पैंतरे

प्राइवेट स्कूलों में लोकल फर्म की कॉपियां बैन, ब्रांडेड नोटबुक अनिवार्य, ये 20% महंगी

रुचि वर्मा ⏭ रायपुर

सीबीएसई के नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत एक अप्रैल से हो चुकी है। नया सत्र शुरू होते ही पालकों को उन किताबों की सूची थमा दी गई है, जिनका अध्ययन इस सत्र में छात्र करेंगे। हर साल की तरह इस सूची में एनसीईआरटी के अलावा प्राइवेट पब्लिशर्स की भी किताबें शामिल हैं, जिनकी कीमतें एनसीईआरटी की तुलना में कई गुना अधिक है। लेकिन ठहरिए...। इस बार निजी स्कूल सिर्फ किताबों तक ही नहीं ठहरे बल्कि उन्होंने यह भी तय कर दिया है कि छात्र किस कंपनी की कॉपियों में लिखेंगे। इसके लिए बकायदा पालकों को निर्देश भी दिए गए हैं।

खास खबर

दरअसल, यहां भी पूरा खेल कमीशन का है। निजी कंपनियों से मिलने वाले कमीशन के चलते पालकों को कॉपी विशेष ही खरीदनी पड़ रही हैं। जिन कंपनियों की कॉपियां खरीदने के लिए पालकों को कहा गया है, उनमें क्लासमेट, डोम्स, नवनीत शामिल हैं। ये सभी कंपनियां छग से बाहर की हैं। छत्तीसगढ़ के लोकल फर्म द्वारा प्रकाशित की जाने वाली कॉपियों की तुलना में ये 20 से 30 प्रतिशत तक ⏭शेष पेज 16 पर

किताबों के साथ-साथ अब बता रहे कॉपियों की भी कंपनी

कॉपियों में भी स्कूल का लोगो

नरदहा और बैरनबाजार स्थित कई बड़े निजी विद्यालयों स्थित मोवा और विधानसभा मार्ग में आने वाले स्कूलों में भी खास तरह की कॉपियां अनिवार्य हैं। इन कॉपियों में स्कूलों के नाम और लोगो होते हैं। इन्हें भी ब्रांडेड कंपनियां स्कूलों से मिले ऑर्डर पर बनाती हैं। इस पर भी अजीब तथ्य यह है कि इन कॉपियों में जिल्द चढ़ाना विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य होता है। ये जिल्द भी स्कूलों के नाम वाले होते हैं, जिन्हें विशेष तौर से तैयार करवाया जाता है।

गुणवत्ता एक ही

लोकल फर्म और ब्रांडेड कंपनियों की कॉपियों की गुणवत्ता एक ही होती है। हम पालकों को सभी विकल्प बता देते हैं, लेकिन कई बार वे कहते हैं कि स्कूल ने ब्रांडेड कंपनी की कॉपियां ही मांगी हैं।

- दीपक बल्लेवार, संचालक, विशाल बुक डीपो, सदर बाजार

मार्केटिंग स्ट्रेटजी अलग

बड़ी कंपनियों की मार्केटिंग स्ट्रेटजी अलग होती है। हमारा बाजार केवल छग और सटे हुए ओडिसा राज्य की सीमा तक सीमित है। किसी कंपनी विशेष की बाध्यता होने पर लोकल फर्म का बाजार तो प्रभावित होता ही है।

-पवन, जनरल मैनेजर, गुरुनानक फर्म

अनुचित है

किताबें पाठ्यक्रम का हिस्सा होती हैं, लेकिन कॉपियों के लिए दबाव डालना अनुचित है।

- राजीव गुप्ता, अध्यक्ष, निजी स्कूल संघ

172 पेज की ब्रांडेड कंपनी 60 रुपए, लोकल फर्म दे रही 45 रुपए में

हरिभूमि टीम सदर बाजार स्थित कई बुक डिपो पहुंची। यहां जब कॉपियां मांगी गई तो राज्य के बाहर की ब्रांडेड कॉपियां 20 प्रतिशत से अधिक दाम में दी गई। इसके उलट लोकल फर्म की कॉपियां उसमें लिखी गई एमआरपी से कम दामों में दुकानदारों ने दी। बाहरी ब्रांड की 172 पेज की कॉपी के लिए 60 रुपए चुकाने पड़े, जबकि इतने ही पेज की लोकल फर्म की कॉपी 45 रुपए में दुकानदारों ने दी। जब इनकी गुणवत्ता जांची गई तो 19-20 का ही फर्क नजर आया। मजेदार बात यह है कि कम कीमत होने के बाद भी लोकल फर्म की कॉपियों के पेज अधिक मोटे रहे, जो जेल पेन की लिखावट से भी खराब नहीं होते हैं।

दिन में 39 डिग्री की गर्मी शाम होते ही तेज हवा के साथ बूंदाबांदी से बदला मौसम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दिन में 39 डिग्री की गर्मी झेलने के बाद राजधानी के लोगों ने रात होते ही राहत की सांस ली। तेज गति से चली हवा और बूंदाबांदी ने गर्मी से थोड़ी राहत दिलाई। रायपुर के साथ शाम होने के बाद बेमेतरा, जशपुर, खैरागढ़ सहित कई इलाकों में तेज वर्षा के साथ अच्छी बारिश हुई। गुरुवार को बदले मौसम का असर दक्षिणी इलाके में होने की संभावना है।

बेमेतरा, जशपुर, खैरागढ़ में भी हुई बारिश

राजधानी में सुबह के वक्त काफी गर्मी थी, जिसकी वजह से लोगों को गर्म हवा के थपेड़े सहने पड़े। रात आठ बजे के बाद यहां तेज गति से हवा चली, जिसका प्रभाव माना तक रहा है। हवा की तेज गति की वजह से विमानों की आवाजाही भी प्रभावित हुई, मगर मौसम के इस बदलाव ने तेज गर्मी से राहत दिला दी। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार बुधवार को प्रदेश में सर्वाधिक गर्म क्षेत्र राजनांदगांव रहा और वहां लू जैसी स्थिति रही। रायपुर में भी तेज गर्मी का अहसास होता रहा, जिससे दोपहर बाद सड़कों पर आवाजाही कम रही। शाम तक गर्मी ने अपने तेवर दिखाए, इसके बाद रात आठ बजे से चल रही हवा की गति तेज हो गई और कई इलाकों में अंधड़ का प्रभाव रहा। माना इलाके में करीब पचास किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी चली, जिसकी वजह से घंटेभर तक विमानों का संचालन थमा रहा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि एक चिन्हित निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी ⏭शेष पेज 16 पर

पंडित ईश्वरी चरण शुक्ल वार्ड का मामला

डूमरतालाब इलाके में पानी की समस्या, सड़क पर उतरी महिलाएं

- महिलाओं ने कहा एक सप्ताह से पानी की किल्लत
- अधिकारी और पार्षद कर रहे नजरअंदाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बुधवार को पंडित ईश्वरीचरण शुक्ल वार्ड की महिलाओं ने पानी की समस्या को लेकर सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। डूमतरतालाब इलाके में जल संकट से नाराज महिलाओं ने कहा कि वार्ड पार्षद और निगम के अधिकारी शिकायत के बाद भी ध्यान नहीं दे रहे। आधे घंटे तक प्रदर्शन के बाद पार्षद मीना ठाकुर मौके पर पहुंचीं। इसके बाद महिलाएं सड़क से हटीं।

गर्मी तेज होते ही शहर में पेयजल संकट गहराने लगा है। नगर निगम जोन 8 के वार्ड नंबर 22 पंडित ईश्वरीचरण शुक्ल वार्ड स्थित डूमरतराई क्षेत्र में महिलाओं ने बुधवार को सुबह जल संकट के प्रति निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षण कराने प्रदर्शन किया। लोगों ने ठाकुरदेव मंदिर से महोबाबाजार जाने वाले क्षेत्र की सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया।

जलसंकट से त्रस्त महिलाओं ने कहा कि नगर निगम उनसे जलकर वसूल करता है, फिर पानी देने में कोताही क्यों कर रहा है। आंदोलन के दौरान वार्ड पार्षद, ठेकेदार और इंजीनियर भी मौके पर पहुंचे।

नया पंप लगाया है

डूमरतालाब क्षेत्र में जिस पंप से जल आपूर्ति की जा रही थी, वह पंप अंदर गिर गया था। नवरात्रि में त्योहार के कारण काम नहीं हो पाया। अभी नया पंप लगाया गया है। मैं खुद स्पॉट पर गई थी, पानी की समस्या का समाधान हो गया है।

- मीना ठाकुर, पार्षद, पंडित ईश्वरीचरण शुक्ल वार्ड

एक्सीडेंट रोकने 20 चौराहों के कायाकल्प का प्लान, खर्च होंगे 10 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के प्रमुख मार्गों पर जाम की स्थिति निर्मित न हो इस बात को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने शहर को चार सेक्टर में बांटकर ऑटो संचालित करने का निर्णय लिया है। इसके लिए ऑटो यूनियन से भी सुझाव मांगे गए हैं। किस सेक्टर में कितने ऑटो संचालित करना चाहिए, जिससे ऑटो चालकों को भी परेशानी न हो, इस संबंध में ऑटो यूनियन इस सप्ताह ट्रैफिक पुलिस को अपना सुझाव देगा। शहर को चार सेक्टर में बांटकर ऑटो संचालित करने जिला के साथ नगर निगम प्रशासन ने अपनी मंजूरी दे दी है। साथ ही 10 करोड़ रुपए की लागत से शहर के प्रमुख 20 चौराहों का कायाकल्प करने के साथ एक्सीडेंट फ्री करने उपाय किए जाएंगे।

- सेक्टर में ऑटो संचालित करने ऑटो यूनियन इस सप्ताह देगा सुझाव

नगर निगम ने शहर के प्रमुख चौराहों में सुधार के साथ सौंदर्यीकरण करने बजट में 10 करोड़ रुपए की ⏭शेष पेज 16 पर

आ रही व्यवहारिक दिक्कतें

ऑटो को सेक्टर में बांटकर चलाने में ट्रैफिक पुलिस के पास कई व्यवहारिक दिक्कतें आ रही हैं। उदाहरण के तौर पर यात्री को माना से रेलवे स्टेशन ड्रॉप करने की स्थिति में ऑटो चालक दो से तीन सेक्टर होकर गुजरेगा। ऐसी स्थिति में ऑटो चालकों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो सकती है।

सेंटर पाइंट बदलने की तैयारी

शहर के ज्यादातर ऑटो का पहुंच मार्ग रेलवे स्टेशन रहता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए ऑटो का सेंटर पाइंट घड़ी चौक के बजाय रेलवे स्टेशन को बनाने ट्रैफिक पुलिस विचार कर रही है। वर्तमान में शहर में ऑटो स्टापेज के 107 जगह निर्धारित किए गए हैं। ट्रैफिक पुलिस ऑटो स्टापेज की संख्या बढ़ाने तथा वहां चार्जिंग पाइंट लगवाने की व्यवस्था करने विचार कर रही है।

शहर में 20 हजार से ज्यादा ऑटो

वर्तमान में शहर के अंदर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 20 हजार के करीब ऑटो चल रहे हैं। जिले में हर साल डेढ़ हजार के करीब ऑटो की संख्या में वृद्धि हो रही है। ई-रिक्शा आने के बाद शहर में पेट्रोल, डीजल के बजाय ई-रिक्शा की संख्या तेजी से बढ़ रही है। तीन वर्ष पूर्व शहर में ऑटो की संख्या 15 हजार के करीब थी, जो अब बढ़कर 20 हजार पहुंच गई है।

इन चौराहों का होगा कायाकल्प

- लभांडी अंडरब्रिज चौक - जीई रोड
- जीई रोड से मैग्नेटो मॉल में प्रवेश
- तेलीबांधा चौक - मेक इन इंडिया - जीई रोड
- अवंति विहार चौक, अटल ब्रिज एक्सप्रेसवे के नीचे - जीई रोड
- मोहबा बाजार चौक - जीई रोड
- गीतांजलि कॉलोनी चौक, अंडर अटल ब्रिज एक्सप्रेसवे - शंकर नगर रोड
- पंडरी चौक, अटल ब्रिज एक्सप्रेसवे के नीचे - पंडरी रोड
- देवेन्द्र नगर चौक, अटल ब्रिज एक्सप्रेसवे के नीचे - देवेन्द्र नगर मेन रोड
- लाखेनगर चौक
- महिला थाना चौक - सिविल लाइंस
- बंजारी बाबा चौक -

शातिर कारोबारी भाइयों से 20 लाख का हुक्का के साथ प्रतिबंधित तंबाकू जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

क्राइम ब्रांच की टीम ने खम्हारडीह थाना क्षेत्र में दो कारोबारी भाइयों के यार्ड से 20 लाख रुपए से ज्यादा कीमत के हुक्का के साथ हुक्का में इस्तेमाल पॉट सहित हुक्का में प्रयोग आने वाला प्रतिबंधित तंबाकू जब्त किया है। कारोबारियों के यार्ड से डेढ़ वर्ष पूर्व पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक ट्रक के करीब हुक्का सामग्री जब्त की थी। पुलिस ने जिन भाइयों के खिलाफ कार्रवाई की है, उनकी मयूरा होटल के बगल में राज पान पैलेस के नाम ⏭शेष पेज 16 पर

- क्राइम ब्रांच की टीम ने गोदाम में छापामारकर की कार्रवाई

हुक्का के साथ गांजा पीने काम आने वाला गोगो जब्त

पुलिस ने मोहन तथा अशोक के ठिकाने से हुक्का सामग्री के साथ ही गांजा पीने के काम में आने वाला भारी संख्या में गोगो पाइप जब्त किया है। इसके अलावा विदेशी ब्रांड की महंगी सिगरेट पुलिस ने जब्त की है। जब्त महंगी सिगरेट चोरी छिपे बगैर कस्टम ड्यूटी पटाए बेची जा रही थी।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को

अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

महादेवघाट, जोरा तालाब, टेक्निकल टॉवर, गौरवपथ नए सिरे से बनेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रस्तावित नगर उत्थान योजना अंतर्गत बुधवार को गांधी सदन में महापौर मीनल चौबे के समक्ष 9 वास्तुविदों ने महादेवघाट विकास योजना, चौराहों का जीर्णोद्धार, जोरा तालाब सौंदर्यीकरण कार्य, टेक्निकल टॉवर और गौरवपथ की प्रस्तावित विकास योजनाओं के संबंध में प्रेजेंटेशन दिया।

निगम के अधिकारियों ने बताया कि प्रस्तुतिकरण देने वाले 9 वास्तुविदों में से जिस वास्तुविद की योजना प्रस्तुतिकरण नगर निगम को स्वीकार्य होगा, उसे स्वीकृति के लिए राज्य शासन को भेजा जाएगा। वास्तुविदों द्वारा दिए गए प्रस्तुतिकरण के दौरान निगम डाटा सेंटर में नगर निगम के लोक कर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, अपर आयुक्त विनोद पांडे, मुख्य अभियंता यूके धलेंद्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा सीनियर, अंशुल शर्मा जूनियर सहित निगम के अधियंताओं की उपस्थिति रही।

शिवसेना

उद्धव बाळासाहेब ठाकरे

श्रीराम जन्मोत्सव

दिनांक : 10 अप्रैल, शाम : 4 बजे से
स्थान : श्री विट्ठल मंदिर, नवीन मार्केट, फूल चौक, रायपुर

रामनवमीं शोभायात्रा

सुनील कुकरेजा
प्रदेश महासचिव

एच.एन.सिंह पालीवार
प्रदेश महासचिव

संजय नाग
प्रदेश प्रवक्ता

सन्नी देशमुख
प्रदेश अध्यक्ष-युवासेना

बल्लू जांगड़े
प्रदेश उपाध्यक्ष-कामगार सेना

संतोष मारकण्डे
प्रदेश सचिव-कामगार सेना

शिव लिमजे
प्रदेश सचिव

Siddhi Graphics #9329298889

आयोजक : जिला ईकाई रायपुर

णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं
णमो आयरियाणं, णमो उवज्झायाणं
णमो लोएसव्वसाहूणं,
एसो पंच णमोक्कारो, सव्वपावप्पणासणो। मंगलाणं च सव्वेसिं, पढमं हवई मंगलं।।
चरित्र
ज्ञान
सत्य
अहिंसा
अचौर्य
अपरिग्रह
भगवान महावीर जयंती
की हार्दिक शुभकामनाएं
भगवान महावीर जी के द्वारा दी गयी शिक्षा, उनके विचार व समाज के लिए उनका तप हमें सदैव प्रेरित करता रहेगा।
भगवान महावीर जयंती
की हार्दिक शुभकामनाएं।
अनिल जैन
पूर्व सदस्य
अल्पसंख्यक आयोग, रायपुर
भगवान महावीर जन्मकल्याणक
की समस्त शहरवासियों को
बधाई एवं शुभकामनायें...
भगवान महावीर का
दिव्य संदेश...
जियो और जीनो दो.
राजेश मूणत
विधायक रायपुर नगर पश्चिम,
प्रवक्ता भाजपा (छ.ग.)
ATUL
महावीर जयंती
की हार्दिक शुभकामनाएं
उमेदचंद गोलछा
GOLCHHA ENTERPRISES
New Durga Mandir Chowk, RAIPUR (C.G.)
Mobile : 9303510813
भगवान महावीर जयंती
की हार्दिक शुभकामनाएं...
THE Raymond SHOP
JEEVAN BIMA MARG,
PANDRI, RAIPUR- 492004 (C.G.)
JAIN AUTO & FINANCE
WISHING YOU ALL HAPPY
MAHAVIR JAYANTI
Wishing you a joyous Mahavir Jayanti! May the teachings of Loard Mahavir guide you towards a path of compassion, non-violence, and enlightenment. May your life be filled with peace, love, and spiritual growth
Navneet Jain (Sachin)
93000-95141, 98271-95141
Naveen Jain
98261-35141
CEO
OPP. SURYA COMPLEX, PACHPEDINAKA, RAIPUR (C.G)
महावीर जयंती के हार्दिक शुभकामनाएं
विनीतः रायपुर स्वागत एवं प्रोत्साहन समिति
Rajesh
अहिंसा परमो धर्मः
जैनमः जयंती शासनमः
श्री महावीर प्रभु जन्म कल्याणक महोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं...
कोठारी मिल स्टोर्स
रबर सेलर अपर क्लिनर
कोन पॉलिशर
राईस हॉलर नं. 8
राईस हॉलर नं. 2
गुरूनानक चौक के पास, स्टेशन रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन : 0771-4034274,
मो.: 93000 48074, 93008 08366
महावीर जन्म कल्याणक की हार्दिक शुभकामनायें...
जय जिन शासन, जैनम् जयति शासनम्,
जैन धर्म की जय जयकार के साथ...
®हर खुशी.
हर उमंग.
नैवेद्य के संग
ब्रेड • खारी • कुकीस एवं अन्य बेकरी उत्पाद भी.
ATUL
NAIVEDYA
SINCE 1994
नैवेद्य फुड प्रॉडक्ट्स
• 6,7 शास्त्री मार्केट, रायपुर ✆7771008500
• शंकर नगर, रायपुर ✆7771008502
• 6,7, रहेजा टॉवर्स, जेल रोड ✆7771008501
भगवान महावीर स्वामी
जयंती की
हार्दिक शुभकामनाएँ
मा. राजेश मूणत जी
विधायक रायपुर पश्चिम
ललित सेठिया
छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स
हुलासी मार्केटिंग बैग हाउस
मालवीय रोड, दीक्षित गली रायपुर (छ.ग.), मो. 9826434490
महावीर जयंती
की हार्दिक
शुभकामनाएं
अहिंसा ही सबसे बड़ा धर्म है
जो सबके कल्याण की
कामना करता है
CA - G.C. Jain (B. Com FCA)
Kirti Jain (B. Com, L.L.B. Final)
Kamlesh Jain (M. Com)
Lavkush Jain
Rajveer Jain, Aaryaveer Jain
Sadar Bazar, Raipur (C.G.)
Ph.- 0771-2228740, Mo. 094255-02011

खबर संक्षेप

पूर्व मंत्री धनेन्द्र राष्ट्रीय अधिवेशन में हुए शामिल

आरंग। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन को मजबूत एवं एक नई दिशा की ओर संकल्प समरपन एवं संघर्ष की आवाज को लेकर दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन अहमदाबाद (गुजरात) मे आयोजित किया गया। जिसमे छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओ के साथ शामिल हुए धनेंद्र साहू पूर्व अध्यक्ष पीसीसी एवं पूर्वमंत्री शामिल हुए।

अमानक पान मसाले व मिठाई पर 40 हजार का अर्थदंड

अभनपुर। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 और इनके अधीन विनिर्मित विनियमों के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार यादव द्वारा वर्ष कंसारी होटल से खोवा लूज, जय बाबा स्टोर्स से पान मसाला, गुजराती मिष्ठान्न भंडार से हरी चटनी, कान्हा किराना स्टोर्स से बूंदी तथा बजरंग स्टोर्स से पान मसाला का नमूना लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में जांच कराया गया। उक्त संग्रहित खाद्य नमूना खाद्य सुरक्षा मानको के अनुरुप नहीं पाये जाने पर तथा खाद्य कारोबारकर्ताओं द्वारा एफएसएसएआई गाईडलाईन के विपरीत खाद्य पदार्थों का विक्रय किये जाने के कारण खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा आरोपियों के विरूद्ध माननीय न्यायालय में प्रकरण दायर किया गया था। उक्त दायर प्रकरणों पर अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के अंतर्गत पदेन न्यान निर्णयन अधिकारी देवेन्द्र पटेल द्वारा आरोपियों को कुल 40 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है तथा समय सीमा के भीतर शासकीय हेड में अर्थदण्ड जमा नहीं किये जाने पर भू-राजस्व वसूली की तरह कार्यवाही किये जाने की चेतावनी भी जारी की गई है।

निधन

शिव राम तिवारी

आरंग। ग्राम पलौद निवासी व ग्राम तोड़गाव के पुरोहित शिवराम शर्मा (70) का सोमवार को निधन हो गया। वे जानकी बाई की पति व लोकेश तिवारी के पिता थे। उनकी शवयात्रा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगो ने भाग लेकर मृतात्तमा के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

समाज : पटेल समाज के पदाधिकारियों ने ली समारोहपूर्वक ली शपथ

पटेल समाज ने सब्जी उत्पादन एवं स्व रोजगार के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई : चंद्रिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

मरार पटेल समाज अभनपुर राज के चुनाव के पश्चात 8 अप्रैल को ग्राम सातपारा के पटेल सामाजिक भवन मे शपथ ग्रहण समारोह

- विभिन्न आयोजनों और शेड निर्माण के लिए 5 लाख रुपये देने की घोषणा की

संपन्न। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती चंद्रिका जितेंद्र बंजारे ने कहा कि पटेल समाज ने अपने परिश्रम से अपनी समाज में विशेष पहचान बनाई है। उन्होंने सब्जी उत्पादन और रोजगार को नया रूप दिया है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रदेशाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती रानी पटेल,जनपद सदस्य श्रीमती मेनका संजय पटेल, पूर्व प्रदेश संरक्षक टी आर पटेल, पूर्व सलाहकार एन के पटेल,अध्यक्ष जामगांव राज कपिल देव पटेल, बारना राज अध्यक्ष देवेंद्र पटेल, पूर्व अध्यक्ष किशन पटेल शामिल रहे। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष एवं उपस्थित सभी अतिथियों ने नवनिर्वाचित एवं मनोनीत सभी पदाधिकारी को समाज में निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई। जनपद अध्यक्ष चंद्रिका जितेन्द्र बंजारे ने सभी पदाधिकारी को बधाई देते हुए विभिन्न आयोजनों के लिए समाज के मांग पर शेड निर्माण हेतु 5 लाख रूपये की घोषणा करते कहा कि कि आगे भी समाज की जो भी आवश्यकता होगी उसे पूरा करने का प्रयास करेंगे।



ग्राम प्रमुख की अनुशंसा से पदाधिकारियों की नियुक्ति

अभनपुर राज के निर्वाचित अध्यक्ष ईश्वर पटेल ने कहा कि किसी भी संगठन में कार्य करने के लिए टीम की आवश्यकता होती है और एक बेहतर टीम ही उसे संगठन को मजबूत बन सकती है इस आधार पर प्रत्येक गांव के ग्राम प्रमुख की अनुशंसा से पदाधिकारी नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की गई है। कार्यक्रम मे संरक्षक महादेव पटेल ,टेकराम पटेल , देमन पटेल , मिलन पटेल , कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र पटेल , सचिव अवध पटेल, सह सचिव ईश्वर पटेल , कोषाध्यक्ष मधुसूदन पटेल ,उपकोषाध्यक्ष अध्यक्ष तोरण पटेल ,उपाध्यक्ष नेतराम पटेल ,डॉक्टर कोमल पटेल ,महामंत्री भारत पटेल ,व्यास नारायण पटेल ,संजय पटेल ,माधव राम पटेल , प्रमुख सलाहकार केजू राम पटेल ,संतोष पटेल , बुधारू पटेल ,सलाहकार सोमनाथ पटेल ,सुखेंद्र पटेल , तातुराम पटेल ,राधेश्याम पटेल ,नोहर पटेल ,राजेंद्र पटेल, रघु पटेल, प्रचार सचिव गया पटेल ,योगेंद्र पटेल ,रामाधार पटेल ,अश्वनी पटेल ,बालमुकुंद पटेल ,रामगुलाल पटेल ,सखाराम पटेल ,संगठन मंत्री संतोष पटेल ,गोपाल पटेल ,अशोक पटेल ,जगन्नाथ पटेल ,शरद पटेल ,दुर्गेश पटेल, नंदकुमार पटेल युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष झड़ीराम पटेल , कार्यकारी अध्यक्ष गोपेश पटेल ,दुष्यंत कुमार पटेल , उपाध्यक्ष कमलेश पटेल चंद्रहास पटेल, महामंत्री गीतू पटेल ,महिला प्रकोष्ठ संयोजक श्रीमती रानी पटेल ,सहसंयोजक मेनका पटेल व अन्य लोगो ने विभिन्न पदो के लिए शपथ ग्रहण किया। इस अवसर पर 43 गांव के ग्राम प्रमुख सदस्यगण एवं मातृ शक्तियों की उपस्थिति रही।

जैन समाज का राष्ट्रीय स्मारक भांडदेवल मंदिर में तीर्थंकरों की प्रतिमाएं असुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

प्राचीन और पुरातात्विक नगरी के नाम से प्रख्यात नगर आरंग

- प्राचीन और पुरातात्विक नगरी आरंग जैन समाज का है आस्था का केंद्र

कभी जैन धर्म का भी प्रमुख केंद्र था। नगर में अपनी प्राचीन गौरवशाली इतिहास को स्मरण करा रहे राष्ट्रीय स्मारक जैन धर्म को समर्पित भांडदेवल मंदिर आज भी जन आस्था का केंद्र बना हुआ है। यह पूरे छत्तीसगढ़ में जैन धर्म को समर्पित एक मात्र पूर्ण सुरक्षित मंदिर है। दूर- दूर से यहां सभी धर्मों के लोग आकर प्राचीन इतिहास का स्मरण करते हैं। जैन धर्म में चौबीस तीर्थंकर हुए थे।

जिनमें से अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी थे। पुरा नगरी आरंग प्राचीन काल से ही जैन समुदाय के लिए आस्था का केंद्र था। आज भी यहां नगर के चारों दिशाओं में जगह- जगह जैन तीर्थंकरों की प्रतिमाएं देखी जा सकती हैं। नगर के कुछ स्थानों पर चौबीस तीर्थंकरों की सुंदर प्रतिमाएं भी है। जिनमें बरमबावा मंदिर, महामाया तालाब किनारे स्थित चौबीस तीर्थंकरों की सुंदर प्रतिमाएं देखी जा सकती हैं। लंबे समय से प्रतिमाएं खुले में रखे होने के कारण प्रतिमाओं का क्षरण हो रहा है। जिसके संरक्षण की नितान्त आवश्यकता है। वहीं नगर के शीतला मंदिर, महामाया मंदिर, जगन्नाथ मंदिर, चंडी मंदिर, नारायणबन मंदिर सहित अनेक स्थानों पर जैन तीर्थंकरों की प्रतिमाएं व पुरावशेष देखें जा सकते हैं। नगर के स्वयंसेवी सामाजिक संस्था पीपला वेलफेयर फाउंडेशन इन प्रतिमाओं की संकलन व संरक्षण हेतु लगातार प्रयासरत हैं। वहीं फाउंडेशन के सदस्यों ने महावीर जयंती की शुभकामनाएं दिए हैं।

5वीं-8वीं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन 5 केंद्रों में जारी

तिल्दा नेवरा। _नया राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत इस सत्र 2024_25से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कक्षा पांचवी और आठवीं में बोर्ड परीक्षा लिया गया था जिसका मूल्यांकन कार्य रायपुर जिले के चारो ब्लॉक में 7 अप्रैल से प्रारंभ हो गया है। तिल्दा ब्लॉक में 5 स्थानों बीएनबी स्कूल नेवरा हाई स्कूल टोहड़ा हाई स्कूल सरोरा भरत देवांगन स्कूल खरोरा और कनकी हाई स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस बार दसवीं बारहवीं बोर्ड परीक्षा की तरह पांचवी आठवी के बच्चों को भी बोर्ड परीक्षा लिया गया है। मूल्यांकन केंद्र टोहड़ा में 5 संकुलो के 70 से अधिक शिक्षको द्वारा मूल्यांकन कार्य में ड्यूटी लगाया गया है। मूल्यांकन केंद्राध्यक्ष वरिष्ठ व्याख्याता दिनेश कुमार आडिल सहप्रभारी हीरालाल सिन्हा संकुल समन्वयक चित्रसेन वर्मा हुमंत धीवर मूल्यांकन कार्य में लगे शिक्षक डोमार वर्मा ,अजीत वर्मा , कमला वर्मा, गिरिजा देवांगन , कमल साहू सहित प्राथमिक से 49 और मिडिल स्कूलों से 20 शिक्षक है। मूल्यांकन केंद्राध्यक्ष टोहड़ा दिनेश कुमार आडिल ने मूल्यांकनकर्ता शिक्षको का गुलाल लगाकर स्वागत और उत्साहवर्धन किया इस भीषण गर्मी में स्वयं पूरे समय 10 बजे से 5 बजे तक रहकर सबके स्वास्थ्य की चिंता करते हुए शुद्ध और शीतल पेयजल के लिए वाटर कूलर और जलपान की व्यवस्था किए साथ ही शिक्षा विभाग द्वारा मूल्यांकन संबंधित आवश्यक निर्देश की जानकारी प्रदान किए।

विधायक की अनुशंसा पर 50 लाख स्वीकृत

अभनपुर। विधायक इन्द्रकुमार साहू की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण से 50 लाख रूपये की स्वीकृति अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतो को विकास कार्यो के लिए मिली है। जिसमे ग्राम पंचायत कुर्रा सामुदायिक भवन निर्माण कार्य विश्वाकर्मा पारा 10 लाख, पंचायत डोंगीतराई सामुदायिक भवन निर्माण कार्य धोबीपारा 10 लाख, ग्राम रवेली मानस भवन निर्माण कार्य 10 लाख, ग्राम बकतरा सीसी रोड निर्माण कार्य जीवन के घर से नहर पार तक 5 लाख,तामासिवनी सामुदायिक भवन निर्माण कार्य यादव समाज मंदिर के पास 5 लाख,ग्राम जंवईबांधा सीसी रोड निर्माण कार्य जयरान्गाली सुदर्शन गली एवं डहारू साहू घर तक 5 लाख, खरखराडीह नवागांव(क)शेड निर्माण कार्य प्राथमिक शाला 5 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई,ग्राम पंचायतो को यह राशि मिलने पर सरपंच व ग्रामवासी विधायक के प्रति आभार प्रकट किया है।

चर्मशिल्प बोर्ड के अध्यक्ष ने सीएम से की मुलाकात

आरंग। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा हाल ही में निगम, बोर्ड व मंडल में अध्यक्ष उपाध्यक्ष की नियुक्तियां की गई। जिसमें आरंग निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता ध्रुवकुमार मिर्धा को चर्मशिल्प विकास बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया। अध्यक्ष बनने के बाद ही श्री मिर्धा ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री निवास में प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय से भेंट मुलाकात कर धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। साथ ही प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, सांसद रायपुर लोकसभा बृजमोहन अग्रवाल व कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी, केदार कश्यप, रामविचार नेताम, आरंग विधायक व उपाध्यक्ष अनु. जाति विकास प्राधिकरण गुरु खुशवंत साहेब, विधायक पुरंदर मिश्रा से भेंट मुलाकात कर सभी का धन्यवाद करते हुए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री समेत सभी ने उनका साल से सम्मान कर सफलतम कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं प्रदान की। साथ ही श्री मिर्धा ने भारतीय जनता पार्टी संगठन के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा अजा. मोर्चा डॉ नवीन मार्कण्डेय, जिलाध्यक्ष रायपुर ग्रामीण श्याम नारंग समेत संगठन के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी से भेंट कर धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। इस दौरान साथ मे भाजपा के वरिष्ठ नेता कृष्णकुमार भारद्वाज, भाजपा पदाधिकारी सुशील जलक्षत्री, आरंग पार्षद प्रतिनिधि खिलेश धुरंधर, जनपद सदस्य लुकेश साहू, खूबचंद साहू, रितेश साहू, ओमप्रकाश मिर्धा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे

सेवानिवृत्ति सैनिक जितेंद्र वर्मा का ताराशिव में किया स्वागत

तिल्दा नेवरा। ग्राम पंचायत ताराशिव के गौरव माटी पुत्र भारत माता के वीर सपूत जितेंद्र कुमार वर्मा का 24 वर्ष सेना में सेवा देने के पश्चात सेवानिवृत्ति पर ताराशिव में ग्राम वासियों के द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। श्री जितेंद्र वर्मा के ग्राम ताराशिव आगमन पर ग्राम के विभिन्न मार्गो में डीजे की धुन पर देशभक्ति गीतों के साथ ग्रामवासी महिला पुरुष तिरंगा झंडा हाथ में लेकर फौजी के सम्मान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिए। उल्लेखनीय है कि हवलदार जितेंद्र कुमार वर्मा सेना में वर्ष 2001 में भर्ती हुआ,24 वर्ष सेना में कार्यरत रहा,इन 24 वर्षों में देश के विभिन्न स्थानों पर सेवा देते रहे, सेना के बांबे इंजीनियर ग्रुप में था और पुणे सेंटर में ट्रेनिंग लिया, प्रथम पोस्टिंग चंडीगढ़ (पंजाब), फिर झांसी (उत्तर प्रदेश), श्रीनगर (जंमु काश्मीर),पटियाला (पंजाब) फिर अंत में पुणे (महाराष्ट्र) से सेवानिवृत्त हुए। अपना कार्य पूर्ण करते हुए बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, चाहे तेज बारिश हो चिलचिलाती गर्मी हो या रूप को गला देने वाले कप कपाती ठंड हो हमारे सैनिक देश की सीमाओं पर रहकर देशवासियों की तन, मन और धन की रक्षा करते हैं जब देश के नागरिक खुशियों भरा त्यौहार मनाते हैं तब फौजी भाई देश की सीमा में रहकर विदेशी आक्रांताओं से देश की सुरक्षा करते हैं। श्री जितेंद्र वर्मा ने आगे बताया कि मैं खुश हु कि आप लोगों के बिच सही सलामत आज खड़ा हु, भगवान और आप सब का आशीर्वाद यूं ही बना रहे। युवाओ से अनुरोध है कि सेना में भर्ती होकर देश के लिए अपना योगदान दे। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती पूर्णिमा मनीष वर्मा, हेमंत वर्मा उपसरपंच ,रामाधार वर्मा ,शिक्षक,जितेंद्र वर्मा, राजेश राज वर्मा, सनत वर्मा,संजय वर्मा, अमित नायक, आलोक वर्मा ,किशोर कुमार, सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

जर्जर स्कूलों का डीईओ ने किया भौतिक सत्यापन

आरंग। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आरंग के आदेश एवं जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार विकास खंड शिक्षा अधिकारी आरंग के मार्गदर्शन में विकास खंड आरंग के अंतर्गत अति जर्जर डिस्मेंटल योग्य शाला भवनों का स्थल निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया जा रहा है।इसी कड़ी में संकुल प्राचार्य गुल्लू माणिक लाल मिश्रा ने संकुल केंद्र गुल्लू के अंतर्गत आने वाले शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय गुल्लू, शासकीय प्राथमिक विद्यालय गुल्लू एवं शासकीय प्राथमिक विद्यालय पटेल पारा गुल्लू के अति जर्जर, जीर्ण-शीर्ण भवनों का संकुल समन्वयक रोशन चंद्राकर, प्रधान पाठकगण शैल देवांगन, विनोद कुमार साहू, चंद्रलता साहू, शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्षगण फगुआ राम साहू, प्यारे लाल बंजारे, मोहन लाल पटेल की उपस्थिति में स्थल निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया व निरीक्षण प्रतिवेदन विकासखंड शिक्षा अधिकारी को प्रेषित की।

गिरोला में तीन दिनी मानस गान आज से

अभनपुर। अभनपुर क्षेत्र के ग्राम गिरोला मे 10 अप्रैल से त्रि-दिवसीय रामचरितमानसगान का आयोजन का सम्मेलन संपन्न हो रहा है,इस प्रतियोगिता मे क्षेत्र की 21 मानस मंडली भाग ले रही है प्रतिदिन सात मानस मंडलियां प्रस्तुति देगे।

हड़ताली सचिवों ने किया धरना स्थल पर रामचरितमानस पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

छत्तीसगढ़ प्रदेश पंचायत सचिव संघ के प्रांतीय आव्हान पर जनपद पंचायत आरंग के ब्लॉक इकाई आरंग के सचिव संघ द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल के 24वें दिन हड़ताल स्थल पर श्रीरामचरित मानस गायन कर विष्णुदेव सरकार को मोदी की गारंटी पूरा कर पंचायत सचिवों का शासकीय करण करने सद्बुद्धि देने प्रभु श्रीराम से प्रार्थना किया गया। ज्ञात हो कि सचिव संघ के एक सूत्रीय मांग 2 वर्ष परीक्षा अवधि समाप्ति बाद शासकीयकरण करने 2023 के विधान सभा चुनाव में भाजपा द्वारा मोदी की गारंटी में शामिल कर वादा किया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री द्वारा मोदी की गारंटी अंतर्गत सचिव के शासकीयकरण करने के लिए 16 जुलाई 2024 को कमेटी बनाया गया जिसका रिपोर्ट 30 दिन के भीतर सौंपने का निर्देश मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया था। जिसमें आज तक कोई निर्णय नहीं होने से सचिव संघ अनिश्चित कालीन हड़ताल में बैठे है एवं इसी कड़ी में आंदोलन को उग्र करते हुए पंचायत सचिवों द्वारा दिल्ली कूच कर जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन करेंगे। श्री रामचरित मानस गायन कार्यक्रम में सचिव संघ के अध्यक्ष हरमोहन बांधे, जोहत राम धीवर, दिलीप कुमार साहू, दाऊलाल धीवर, मेहतरु राम धीवर, शिवकुमार साहू, कुलेश्वर देवदास, लोकनाथ साहू, यशवंत कन्नौजे, गंगा प्रसाद साहू, भुवन ठाकुर, कौशल साहू, सुनीत मिरी, पुष्पा गोस्वामी, गायत्री शर्मा, पुनेश्वरी साहू, गोवर्धन साहू, ईश्वरी देशलहरे, सुषमा नागरची, लोकेश्वरी बांधे सहित समस्त सचिव उपस्थित रहे।

// आम सूचना //

(मौजा-रायपुरा, प.ह.नं. 00057, रा.नि.मं.-रायपुर-1, माधवराव सप्रे वार्ड ख.नं. 530/91 रकबा 0.0093 हेक्टेयर (1000 वर्गफुट) के संबंध में)

सर्वसाधारण को मैं अपने पक्षकार की ओर से सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार अमित सिंह ठाकुर पिता स्व. प्रताप सिंह ठाकुर निवासी- बजरंग चौक, सोनी बाड़ा के पास, मठपारा, रायपुर (छ.ग.) ने वाके ग्राम रायपुरा, प.ह.नं. 00057, रा.नि.मं.- रायपुर-1, माधवराव सप्रे वार्ड, तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) स्थित परिवर्तित भूमि जिसका खसरा नंबर 530/91 जिसका रकबा 0.0093 हे. (1000 वर्गफुट) भूमि जो कि श्रीमती सुनीता शर्मा पति श्री राजकुमार शर्मा, निवासी- बढ़ईपारा, रायपुर (छ.ग.) के नाम पर बतौर स्वामी वो आधिपत्यधारी दर्ज है, को खरीदने का पक्का सौदा श्रीमती सुनीता शर्मा से कर विक्रेता को बयाना अदा कर दिया गया है अब केवल विक्रय प्रतिफल की राशि शेष अदा कर सौदेशुदा भूमि के विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन की प्रक्रिया शेष है। अतः उपरोक्त सौदेशुदा संपत्ति के सौदा संव्यवहार, सौदाशुदा रकबे अथवा उसके किसी भाग के हक, हित, आधिपत्य या स्वामित्व के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभाग अथवा बैंक या साहूकार को किसी भी प्रकार की कोई उजर या आपत्ति हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 (पन्द्रह दिनों के भीतर अपनी लिख आपत्ति मय दस्तावेज के मेरे नीचे लिखे पते पर प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद म्यांद मेरा पक्ष उपरोक्त सौदेशुदा भूमि के विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन अपने पक्ष में करवा लेगा तथा तत्पश्चात की गयीं आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी वो बाध्यकारी नहीं होगी तथा वह प्रारंभ से ही शून्य एवं अवैध मानी जावेगी।

सो सूचना ताकिद जानें।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक- 09/04/2025 (दिनेश कुमार शर्मा) अधिवक्ता
सावन सुखा ज्वेलर्स, प्रथम मंजिल सदर बाजार, रायपुर (छ.ग.) मो.नं. 98274-00558

समक्ष श्रीमान समक्ष नोटरी पब्लिक आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.)
// शपथ पत्र //

मैं शपथकर्ता नारायण प्रसाद साहू, उम्र 35 वर्ष पिता श्री राज कुमार साहू, निवासी- मकान नंबर 93, ग्राम- मोखेतरा, पो. तामासिवनी, तहसील- गोबरा नवापारा, जिला रायपुर (छ.ग.) का हूँ :-

01. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
02. यह कि मेरे पुत्री कविता साहू (KAVITA SAHU) का जन्म प्रमाण पत्र कार्यालय नगर पंचायत अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) जिसका पंजीकरण संख्या 2301011901001219 है। जिसमें दर्शित नाम सत्य एवं सही है।
03. यह कि मेरे पुत्री के भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा जारी आधार कार्ड क्रमांक - 424515818057 में नाम वानिया साहू (VANIYA SAHU) दर्ज है जो कि प्रचलित नाम है।
04. यह कि मेरे पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर आधार कार्ड में दर्शित नाम को विलोपन कर जन्म प्रमाण पत्र में प्रविष्ट नाम कविता साहू (KAVITA SAHU) किये जाने हेतु यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष सादर प्रस्तुत है।
05. यह कि मेरे द्वारा दी जा रही जानकारी सत्य एवं सही है, यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की वाद विवाद की स्थिति निर्मित होती है तो उसके लिए मै स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।

स्थानः आरंग — शपथकर्ता
दिनांक : 09.04.2025 — नारायण

// सत्यापन //

मै निष्ठापूर्वक सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 06 तक में उल्लेखित उपरोक्त सभी तथ्य मेरे विश्वास एवं जानकारी के अनुसार सत्य व सही है।

स्थानः आरंग — शपथकर्ता
दिनांक : 09.04.2025 — नारायण

नाम परिवर्तन (आम सूचना)

मैं विनोद कुमार साहू उम्र - 38 वर्ष, पिता श्री प्यारे लाल साहू, ब्लॉक कॉलोनी, अभनपुर, वार्ड न. 08 जिला रायपुर (छ.ग.) शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूँ कि -मेरे पुत्र सेवांश साहू, उम्र 08 वर्ष का शैक्षणिक दस्तावेजों एवं आधार कार्ड में सेवांश साहू नाम अंकित है। मैं अपने पुत्र का उक्त नाम-सेवांश साहू का कोई अर्थ (मीनिंग) न होने तथा नाम पसंद न आने के कारण "सेवांश साहू" नाम का त्याग कर "शिवांश साहू" नाम किए जाने हेतु उपरोक्त कथनों की सत्यता के समर्थन में सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं। अतः अब सेवांश साहू को नए नाम- शिवांश साहू नाम से जाना पहचाना एवं पुकारा जाए।

शपथकर्ता
विनोद कुमार साहू
पिता श्री प्यारे लाल साहू
निवासी-ब्लॉक कॉलोनी
अभनपुर वार्ड नं. 08,
जिला - रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार धरसीवा के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202504111700032
मामले की श्रेणी :- राजस्व

विषयः ब-121 सन :-2024-2025
चरौदा प.ह.न. 00019 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण -आवेदक पक्षकार
- अनावेदक पक्षकार

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि आवेदक सौरभ राव पिता नरसिंग राव निवासी ग्राम सांकरा तहसील धरसीवा जिला रायपुर छ.ग द्वारा आवेदक अपने स्वयं सौरभ राव पिता नरसिंग राव के जन्मतिथि पंजीयन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि आवेदक स्वयं सौरभ राव पिता नरसिंग राव के जन्मतिथि पंजीयन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर उल्लेख का जन्म ग्राम सांकरा स्थित निवास मे दिनांक 09/08/1998 को हुआ है। आवेदक के माता-पिता द्वारा अज्ञानतावश भुलवंश कारण जन्मतिथि का पंजीयन ग्राम पंचायत सांकरा मे नही कराने के कारण आवेदक अपने स्वयं सौरभ राव पिता नरसिंग राव का जन्मतिथि 09/08/1998 का पंजीयन रजिस्ट्रार जन्म / मृत्यु ग्राम पंचायत सांकरा मे किये जाने हेतु आदेश पारित किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति अथवा आपत्ति हो तो स्वंय अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 15/04/2025 को उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/04/2025 को जारी किया जाता है।

BABULAL KURRE
अतिरिक्त तहसीलदार
मुहर — उप तहसील धरसींवा

न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील सारागांव जिला रायपुर छ.ग.

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ-6 (अ)/ वर्ष 2024-25
सारागांव दिनांक 08.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गेंद लाल जोशी पिता गयालाल जोशी निवासी ग्राम मलौद द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम-मलौद पहन. 06, रा.नि.म. रायपुर 20 सिलयारी कुरूद, तह व जिला रायपुर के अंतर्गत खसरा नं. 101/26, 127/6, 134/1, 162/1, 319/6, 402/347 कुल योग 06 कुल रकबा 1.3810 हे. भूमि भूमिस्वामी गैंदराम पिता गयाराम, ना.बा. मनीष पिता गयाराम, पिता वली मां शैलेन्द्री बेवा गयाराम के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। जो कि त्रुटिपूर्ण है। जिसे सुधार कर आवेदक का वास्तविक नाम 1. गैंदलाल जोशी पिता गयालाल जोशी 2. ना. बा. मनीष पिता गयालाल जोशी 3 शैलेन्द्री बेवा गयालाल जोशी का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 28/04/2025 को उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/04/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार,
उप तहसील सारागांव
जिला रायपुर छ.ग.

न्यायालयः- मधुसूदन चंद्राकर, अष्टम जिला न्यायाधीश रायपुर छ.ग.

प्रोसेस क्रमांक- 268/2024, प्रकरण क्रमांक - 45/2024, पेशी दिनांक- 09.05.2025

पुनीत राम साहू एवं अन्य ....अपीलार्थीगण
विरूद्ध
आम जनता .... उत्तरवादी
बनामः- आम जनता।

अपीलार्थीगण ने आपके विरूद्ध अपील अंतर्गत धारा 96 व्य.प्र.स. हेतु संस्थित किया गया है। अपीलार्थीगण को इस समंस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी पक्षकार को कोई आपत्ति है, तो इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे वकील द्वारा नियत **पेशी दिनांक 09.05.2025** को **समय 11:00** बजे उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में उपसंजाति के लिये जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिये नियत दिन है, इसलिये आपको इस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए जिनके लिये आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं।

उत्तरवादीगण/ प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित की गयी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।
नोट- यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो, प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

आज दिनांक 22 माह 03 सन 2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

दिनांक 22.03.2025 — मधुसूदन चंद्राकर
मुहर — अष्टम जिला न्यायाधीश
रायपुर छ.ग.

न्यायालय तहसीलदार रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)

ईश्तहार

ई. क्र/202504110200035/अ-27/ वर्ष 2025
ग्राम- मोवा, प.ह.नं. 45,
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 29/04/2025

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक पवन कुमार बंजारे पिता यान सिंग बंजारे निवासी-ग्राम-पचरी, थाना-खरोरा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-178 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदिका के पति द्वारा ग्राम- मोवा, प.ह.नं. 45, तहसील व जिला रायपुर में स्थित शीट नंबर- 02, भूखंड क्रमांक - 21/2 रकबा 527 वर्गफुट भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में पवन कुमार बंजारे एवं घनश्याम सिंह बंजारे दोनो पिता यान सिंह बंजारे के नाम पर दर्ज है। आवेदक एवं अनावेदक उक्त आवासीय भूमि में पंजीकृत बैनामा दिनांक 13/07/1987 को विक्रेता आर.जे. धरमराज पिता आर.एस. राव निवासी- लोधीपारा, मोवा रायपुर छ.ग. की शीट नंबर- 02, भूखंड क्रमांक - 21, खसरा नंबर- 404 / 1, 407, 408, 406 का भाग रकबा 527 वर्गफुट क्रय किया है, तब से दोनो भाई उक्त भूमि पर काबिज है। आवेदक को उक्त भूमि में अपना हक व हिस्सा एवं खाता विभाजन करवाकर अपने नाम से पृथक से ऋण पुस्तिका बनवाना चाहता है। आवेदक द्वारा बंटवारानामा के अनुसार पर अपना नाम राजस्व अभिलेख में पृथक से दर्ज किये जाने जाने हेतु निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 29/04/2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 09/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

अस्पतालों में इंटर्न डाक्टरों का टोटा, एकमात्र कारण एमबीबीएस फाइनल का रिजल्ट अब तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अवधि पूरी होने के बाद पुराने इंटर्न डाक्टरों के सरकारी अस्पताल से जाने के बाद उपचार व्यवस्था प्रभावित होने लगी है। इसकी एकमात्र वजह एमबीबीएस के अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम अब तक घोषित नहीं होना है। इंटर्न डाक्टरों के अभाव में उपचार की सारी जिम्मेदारी पीजी चिकित्सकों पर आ गई है। दूसरी ओर परीक्षा परिणाम घोषित होने में विलंब की वजह से चिकित्सा छात्र अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं।

जानकारी के अनुसार एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी होने के बाद चिकित्सा छात्रों को एक साल का इंटर्न पूरा करना होता है। इसके लिए चिकित्सा छात्रों की ड्यूटी विभिन्न सरकारी अस्पतालों में लगाई जाती है और इसके बदले उन्हें स्टाइपेंड भी मिलता। पिछले साल जिनकी नियुक्ति सरकारी अस्पतालों में हुई थी, वे इंटर्नशिप पूरा कर चुके हैं। इंटर्न डाक्टर गंभीर मरीज और सीनियर डाक्टरों के बीच की कड़ी है, जो मरीजों को आवश्यक जांच और उपचार की सुविधा देते हैं। इंटर्नशिप करने वालों की नयी नियुक्ति नहीं होने की वजह से पीजी डाक्टरों को इसकी जिम्मेदारी भी संभालनी पड़ रही है। सूत्रों के अनुसार इंटर्नशिप वाले नये डाक्टर सरकारी अस्पतालों को नहीं मिलने की एकमात्र वजह एमबीबीएस अंतिम वर्ष का रिजल्ट घोषित नहीं होना है। इसकी परीक्षा फरवरी में पूरी हो गई थी। पूर्व में परिणाम आठ से दस दिन में घोषित हो जाता था, मगर इस बार तीन महीने बीत चुके हैं। परीक्षा परिणाम नहीं आने की वजह से छात्रों को आगे की पढ़ाई के साथ भविष्य की तैयारियों पर चिंता सता रही है।

- सालभर की इंटर्न अवधि पूरी होने पर पुराने चले गए, पीजी डाक्टरों पर बढ़ा मरीजों का बोझ

आईएमए जता चुका नाराजगी

परीक्षा परिणाम घोषित होने में हो रही देर होने पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन नाराजगी जता चुका है। पिछले दिनों आईएमए रायपुर के अध्यक्ष डा. कुलदीप सोलंकी ने राज्यपाल को इसकी जानकारी देकर हस्तक्षेप करने की मांग कर चुके हैं। उन्होंने तर्क दिया था कि परिणाम में देर से चिकित्सा के विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है, विलंब के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

जांच का सिस्टम बदला

सूत्रों के अनुसार इस बार आयुष विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा मूल्यांकन के कार्य में बदलाव किया गया है। पहले यह काम का कालेज स्तर पर पूरा होता था, मगर अब दूसरे चिकित्सकीय शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों द्वारा किया जाता है। इसके साथ परीक्षा परिणाम तैयार करने के लिए आउटसोर्सिंग होने की वजह इस कार्य में देर हो रही है।

खबर संक्षेप

कोयला और खान मंत्री रेड्डी का आज से दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरा

रायपुर। कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी 10 और 11 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वे दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी और भारत की सबसे बड़ी कोयला खान गेवरा में परिचालन की समीक्षा करेंगे। यह खान साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) दक्षिण पूर्वी कोयला क्षेत्र लिमिटेड के अंतर्गत आती है। अपनी यात्रा के दौरान, श्री रेड्डी खनन पारिस्थितिकी तंत्र में हितधारकों के साथ भी चर्चा करेंगे। इसमें खदान श्रमिक भी शामिल हैं, जिन्होंने 1 अरब टन कोयला उत्पादन और प्रेषण के दोहरे मील के पत्थर हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे कोयला खनन परिवार द्वारा इस ऐतिहासिक उपलब्धि को हासिल करने में किए गए प्रयासों को भी मान्यता देंगे। इसके अलावा, श्री रेड्डी छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से भी मुलाकात करेंगे और उनके साथ खनन क्षेत्र के लिए रोडमैप पर चर्चा करेंगे।

एमएससी होमसाइंस के परिणाम जारी

रायपुर। पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा एमएससी होमसाइंस सहित तीन सेमेस्टर कक्षाओं के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए गए हैं। एमएससी होम साइंस फूड साइंस एंड न्यूट्रिशियन प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल 12 में से 11 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है।

11 अप्रैल तक आम लोगों की समस्याएं व शिकायतें ली जाएंगी

सुशासन तिहार के दूसरे दिन भी दिखा लोगों का उत्साह, कल तक लिए जाएंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में जनता-जनार्दन की समस्याओं के निदान और उनसे रूबरू मुलाकात के लिए सुशासन तिहार के दूसरे दिन भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और लोग अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन लेकर उसे ग्राम पंचायत और नगर पंचायत कार्यालयों में लगी समाधान पेटी में जमा कराया। इस अभियान के तहत 11 अप्रैल तक आम लोगों की समस्याएं व शिकायतें ली जाएंगी।

ऑनलाइन भी दे सकते हैं आवेदन

सुशासन तिहार के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन पोर्टल एवं कॉमन सर्विस सेंटर के जरिए भी आवेदन प्राप्त किए जाने की व्यवस्था है। विकासखंडों और जिला मुख्यालयों में भी आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी रखी गई है, जहां लोग अपनी समस्याओं के संबंध में आवेदन डाल रहे हैं। जनसमान्य की समस्याओं से संबंधित आवेदनों को भरने के लिए ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों के कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारी की ड्यूटी भी लगाई गई है, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन देने में किसी भी तरह की परेशानी न हो। कई जिलों में आवेदन पत्र तैयार करने में सहायता के लिए दिव्यांग संगवारी और संगवारी दीदी भी तैनात किए गए हैं।

- कई जिलों में आवेदन पत्र तैयार करने में सहायता के लिए दिव्यांग संगवारी और संगवारी दीदी भी तैनात किए गए हैं
- राज्य और जिला स्तर पर निराकरण की स्थिति और गुणवत्ता की समीक्षा भी की जाएगी

एक माह में होगा निराकरण

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा सुशासन एवं पारदर्शिता के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सुशासन तिहार-2025 का आयोजन एक महत्वपूर्ण पहल है। सुशासन तिहार-2025 के तहत सभी प्राप्त आवेदनों की सॉफ्टवेयर में प्रविष्टि कर संबंधित विभागों को सौंपा जाएगा, और एक माह के भीतर उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि सुशासन तिहार 2025 का उद्देश्य जनसामान्य की समस्याओं का प्रभावी एवं त्वरित समाधान, शासकीय कार्यों में पारदर्शिता और जनता से सीधा संवाद स्थापित करना है। मुख्यमंत्री श्री साय ने पूर्व में ही सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि वे सुशासन तिहार के सुव्यवस्थित आयोजन और इसके अंतर्गत प्राप्त होने वाले आवेदनों के तत्परता से निराकरण को सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राज्य और जिला स्तर पर निराकरण की स्थिति और गुणवत्ता की समीक्षा भी की जाएगी।

तीसरे चरण में हर जिले में लगेंगे शिविर

सुशासन तिहार के तीसरे चरण में प्रत्येक जिले की 8 से 15 ग्राम पंचायतों के मध्य समाधान शिविर आयोजित होंगे। नगरीय निकायों में भी आवश्यकतानुसार शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में आमजन को उनके आवेदन की स्थिति से अवगत कराया जाएगा, तथा यथासंभव आवेदन का त्वरित निराकरण भी वहीं किया जाएगा। शेष समस्याओं का निराकरण एक माह के भीतर कर सूचना दी जाएगी। समाधान शिविरों में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन प्रपत्र भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अभियान में सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री, मंत्री, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारी स्वयं शिविरों में उपस्थित रहकर आमजन से संवाद करेंगे, और विकास कार्यों व योजनाओं से मिल रहे लाभ का फीडबैक लेंगे। साथ ही औचक निरीक्षण के माध्यम से चल रहे निर्माण कार्यों की वास्तविक स्थिति और गुणवत्ता का भी मूल्यांकन किया जाएगा।

भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप ने कार्यभार संभाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बुधवार को नवा रायपुर स्थित बीओसी भवन में आयोजित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन एवं बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से 44 हजार 940 श्रमिको को 15.37 करोड़ रुपये डीबीटी के जरिये श्रमिकों के बैंक खाते में अंतरित की।

- मुख्यमंत्री साय सहित मंत्री विधायक हुए शामिल
- 44 हजार 940 श्रमिको को 15 .37 करोड़ रुपये की राशि अंतरित

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, स्वास्थ मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वन मंत्री केदार कश्यप खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल रमेश बैस (पूर्व राज्यपाल), विधायक धरमलाल कौशिक, रायमुनि भगत, पुरन्दर मिश्रा अनुज शर्मा श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा, सचिव सह श्रमायुक्त, अलरमेलमंगई डी., छग भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के सचिव, गिरीश कुमार रामटेके, अपर श्रमायुक्त एसएल जांगड़े एवं सविता मिश्रा सहित निगम, मंडल, आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ-साथ श्रमिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

साय ने दी डॉ. सिंह को बधाई

मुख्यमंत्री श्री साय ने पदभार ग्रहण करने पर डॉ. रामप्रताप सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल श्रमिक हित में बेहतर कार्य करेगा। श्रम मंत्री श्री देवांगन ने कार्यक्रम में श्रमिकों को राशि अंतरण के मौके पर कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव की सरकार में प्रदेश के श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों को लगातार योजनाओं का लाभ तेजी से मिल रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा श्रमिकों एवं उनके परिजनो की बेहतरी के लिये कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिये लगातार आर्थिक मदद दी जा रही है। बीते सवा साल में श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगभग 500 करोड़ रुपये श्रमिकों के बैंक खाते में अंतरित किये जा रहे हैं।

आधार सेवाओं में उत्कृष्टता के लिए छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय सम्मान

- बच्चों के बायोमैट्रिक अपडेट के लिए मिला गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आधार सेवाओं के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को एक और बड़ी उपलब्धि मिली है। राज्य में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के बायोमैट्रिक आधार अपडेट की उत्कृष्ट सेवाओं के लिए छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। यह सम्मान बुधवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित आधार संवाद कार्यक्रम में दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव उपस्थित रहे। इस अवसर पर भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के डिप्टी डायरेक्टर जनरल (फाइनेंस) तेनतु सत्यनारायण द्वारा यह सम्मान छत्तीसगढ़ को प्रदान किया गया। राज्य की ओर से छत्तीसगढ़ सदन के मनीष जोशी ने यह सम्मान ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि चिप्स, राज्य में नामांकन एजेंसी के रूप में कार्य करते हुए आधार से संबंधित सेवाएं प्रदान कर रही है। यह सम्मान छत्तीसगढ़ सरकार की डिजिटल सेवाओं को सुदृढ़ एवं जन सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

नक्सल प्रभावित व दूरस्थ क्षेत्रों में शिविर का आयोजन

चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभात मलिक ने बताया कि राज्य में 5 से 7 एवं 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेट की दिशा में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए यह सम्मान मिला है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशों के अनुरूप चिप्स द्वारा विगत एक वर्ष में राज्य के दूरस्थ एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 944 विशेष आधार शिविरों का आयोजन किया गया है, जिनमें 38,762 नागरिकों का आधार पंजीयन एवं अद्यतन किया गया।

31 मार्च तक 287 करोड़ की वसूली, 1 महीना बढ़ाई मियाद, प्रापर्टी टैक्स वसूली 300 करोड़ पार की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के राजस्व महकमे को निगम आयुक्त ने 350 करोड़ की राजस्व वसूली का लक्ष्य दिया है। महकमे ने 31 मार्च तक 285 करोड़ की राजस्व वसूली की है, जो कि निर्धारित टारगेट से 63 करोड़ रुपये कम है। करदाताओं की सुविधा के लिए राज्य शासन के 1 माह तक का समय प्रापर्टी टैक्स भुगतान के लिए अतिरिक्त दिया है।

मियाद बढ़ने के बाद भी स्थिति ये है कि प्रतिदिन औसतन 30 से 35 लाख रुपए की राजस्व वसूली हो पा रही है। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि महीनाभर में वसूली का आंकड़ा 300 करोड़ के पार पहुंच सकता है। खास बात ये है कि डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन के एवज में लिये जाने वाले यूजर चार्ज में इस बार करीब 40 करोड़ की वसूली प्रापर्टी टैक्स के साथ की गई, जो कि पिछली बार के यूजर चार्ज वसूली से 5 करोड़ रुपये ज्यादा है।

दरअसल, नगरीय निकाय चुनाव सहित अन्य कारणों से राजस्व वसूली की रफ्तार इस बार जोर नहीं पकड़ पायी। निगम प्रशासन ने सरकारी अवकाश के दिनों में भी राजस्व वसूली शिविर लगाकर करदाताओं को बकाया कर भुगतान की सुविधा दी। यही नहीं, निगम मुख्यालय में भी करदाताओं की सुविधा के लिए शनिवार और रविवार को प्रापर्टी टैक्स भुगतान के लिए सदर काउंटर खोले गए। निगम आयुक्त ने राजस्व वसूली की समीक्षा के लिए उपायुक्तों को जोन का प्रभार दिया, ताकि राजस्व वसूली में कोई कमी न रह जाए।

राजस्व वसूली के लिए निजी एजेंसी लाने की तैयारी

शहरी सरकार निगम की राजस्व वसूली का काम निजी एजेंसी से कराने की तैयारी में है। इसके लिए सामान्य सभा की बैठक में प्रस्ताव लाकर इसे मंजूरी दी गई है। महापौर मीनल चौबे और उनकी परिषद टैक्स वसूली का काम आने वाले दिनों में राजस्व महकमे से कराने की जगह इस कार्य के लिए निजी एजेंसी को जिम्मा देगी। विदित हो कि पूर्व महापौर एजाज ढेबर के कार्यकाल में राजस्व वसूली निजी एजेंसी से कराने का प्रस्ताव लाये जाने पर विपक्ष ने इसका विरोध करते हुए प्रस्ताव को एक सिरे से खारिज कर दिया था, लेकिन निगम की सत्ता में भाजपा की शहरी सरकार आने पर राजस्व वसूली निजी एजेंसी को देने की तैयारी है।

यूजर चार्ज के रूप में करीब 40 करोड़ की वसूली

निजी एजेंसी करेगी राजस्व वसूली

नगर निगम राजस्व वसूली बढ़ाने और शत-प्रतिशत करदाताओं से कर वसूली सुनिश्चित करने निजी एजेंसी को अनुबंधित किया जायेगा। इससे नगर निगम का रेवेन्यू बढ़ेगा। अनुबंधित एजेंसी को टास्क बेसिस पर भुगतान किया जाएगा। वर्तमान में जीआईएस सर्वे के हिसाब से राजस्व वसूली नहीं हो पा रही है। निजी एजेंसी को इसके लिए टारगेट दिया जाएगा। - **मीनल चौबे,** महापौर, नगर निगम रायपुर

74 च्वाइस सेंटरों में टैक्स भुगतान की रही सुविधा

नगर निगम ने करदाताओं को राहत देने 70 वार्डों में 74 च्वाइस सेंटरों को प्रापर्टी टैक्स जमा करने के लिए अधिकृत कर रखा है, ताकि नागरिक अपने नजदीकी च्वाइस सेंटर में जाकर आसानी से बकाया कर का भुगतान कर सकें। इसमें प्रति ट्रांजेक्शन 30 रुपये की दर से संचालक को भुगतान करना है। चाहे ट्रांजेक्शन 1 हजार रुपये का हो या 2 लाख रुपये, पर इसके लिए शुल्क 30 रुपये ही देय है। इस सुविधा से लोगों को यह राहत मिली कि उन्हें जोन दफ्तरों में जाकर लाइन लगाने की जरूरत नहीं पड़ी। इससे उनके समय की बचत हुई और उन्हें टैक्स भुगतान के लिए दूर जाना नहीं पड़ा। निगम के आईटी सेल हेड रंजीत रंजन के मुताबिक वार्ड में औसतन एक च्वाइस सेंटर को इस कार्य के लिए सीएसई लॉगिन कर यूनिक आईडी और पासवर्ड दिया गया है। इस तरह नगर निगम के 70 वार्ड में 70 च्वाइस सेंटर को प्रापर्टी टैक्स जमा करने अधिकृत किया गया है।

दो दिवसीय डेयरी सम्मेलन आज से

रायपुर। दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर विश्वविद्यालय एवं इंडियन डेयरी एसोसिएशन द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मलेन आयोजित किया जा रहा है। यह राष्ट्रीय सम्मेलन 10 और 11 अप्रैल को डॉ. सी. राजेश्वरी ऑडिटोरियम श्री सत्य साई सौभाग्यम नवा रायपुर में आयोजित किया जाएगा। इस सम्मलेन के उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को आमंत्रित किया गया है। डेयरी किसान, उद्योग विशेषज्ञ, नीति-निर्माता, शोधकर्ता और उद्यमियों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। वे यहां नवाचार पर चर्चा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रिय डेयरी विकास बोर्ड के कार्यकारी निदेशक एस.राजीव एवं इंडियन डेयरी एसोसिएशन के अध्यक्ष आरएस सोढ़ी मौजूद रहेंगे। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आरआर बी सिंग करेंगे।

// आम सूचना //

(मौजा-रायपुरा, प.ह.नं. 00057, रा.नि.मं.-रायपुर-1, माधवराव सप्रे वार्ड ख.नं. 530/91 रकबा 0.0093 हेक्टेयर (1000 वर्गफुट) के संबंध में)

सर्वसाधारण को मैं अपने पक्षकार की ओर से सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार अमित सिंह ठाकुर पिता स्व. प्रताप सिंह ठाकुर निवासी- बजरंग चौक, सोनी बाड़ा के पास, मठपारा, रायपुर (छ.ग.) ने वाके ग्राम रायपुरा, प.ह.नं. 00057, रा.नि.मं.- रायपुर-1, माधवराव सप्रे वार्ड, तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) स्थित परिवर्तित भूमि जिसका खसरा नंबर 530/91 जिसका रकबा 0.0093 हे. (1000 वर्गफुट) भूमि जो कि श्रीमती सुनीता शर्मा पति श्री राजकुमार शर्मा, निवासी- बढ़ईपारा, रायपुर (छ.ग.) के नाम पर बतौर स्वामी वो आधिपत्यधारी दर्ज है, को खरीदने का पक्का सौदा श्रीमती सुनीता शर्मा से कर विक्रेता को बयाना अदा कर दिया गया है अब केवल विक्रय प्रतिफल की राशि शेष अदा कर सौदेशुदा भूमि के विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन की प्रक्रिया शेष है। अतः उपरोक्त सौदेशुदा संपत्ति के सौदा संव्यवहार, सौदाशुदा रकबे अथवा उसके किसी भाग के हक, हित, आधिपत्य या स्वामित्व के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभाग अथवा बैंक या साहूकार को किसी भी प्रकार की कोई उजर या आपत्ति हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 (पन्द्रह दिनों के भीतर अपनी लिख आपत्ति मय दस्तावेज के मेरे नीचे लिखे पते पर प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद म्यांद मेरा पक्ष उपरोक्त सौदेशुदा भूमि के विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन अपने पक्ष में करवा लेगा तथा तत्पश्चात की गयीं आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी वो बाध्यकारी नहीं होगी तथा वह प्रारंभ से ही शून्य एवं अवैध मानी जावेगी।

सो सूचना ताकिद जानें।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक- 09/04/2025 (दिनेश कुमार शर्मा) अधिवक्ता
सावन सुखा ज्वेलर्स, प्रथम मंजिल सदर बाजार, रायपुर (छ.ग.) मो.नं. 98274-00558

न्यायालय तहसीलदार धरसीवा के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202504111700032
मामले की श्रेणी :- राजस्व
विषयः ब-121 सन :-2024-2025
चरौदा प.ह.न. 00019 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण -आवेदक पक्षकार - अनावेदक पक्षकार

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि आवेदक सौरभ राव पिता नरसिंग राव निवासी ग्राम सांकरा तहसील धरसीवा जिला रायपुर छ.ग द्वारा आवेदक अपने स्वयं सौरभ राव पिता नरसिंग राव के जन्मतिथि पंजीयन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि आवेदक स्वयं सौरभ राव पिता नरसिंग राव के जन्मतिथि पंजीयन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर उल्लेख का जन्म ग्राम सांकरा स्थित निवास मे दिनांक 09/08/1998 को हुआ है। आवेदक के माता-पिता द्वारा अज्ञानतावश भुलवंश कारण जन्मतिथि का पंजीयन ग्राम पंचायत सांकरा मे नही कराने के कारण आवेदक अपने स्वयं सौरभ राव पिता नरसिंग राव का जन्मतिथि 09/08/1998 का पंजीयन रजिस्ट्रार जन्म / मृत्यु ग्राम पंचायत सांकरा मे किये जाने हेतु आदेश पारित किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति अथवा आपत्ति हो तो स्वंय अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 15/04/2025 को उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/04/2025 को जारी किया जाता है।

BABULAL KURRE
अतिरिक्त तहसीलदार
उप तहसील धरसींवा
मुहर

न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील सारागांव जिला रायपुर छ.ग.

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ-6 (अ)/ वर्ष 2024-25
सारागांव दिनांक 08.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गेंद लाल जोशी पिता गयालाल जोशी निवासी ग्राम मलौद द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम-मलौद पहन. 06, रा.नि.म. रायपुर 20 सिलयारी कुरूद, तह व जिला रायपुर के अंतर्गत खसरा नं. 101/26, 127/6, 134/1, 162/1, 319/6, 402/347 कुल योग 06 कुल रकबा 1.3810 हे. भूमि भूमिस्वामी गैंदराम पिता गयाराम, ना.बा. मनीष पिता गयाराम, पिता वली मां शैलेन्द्री बेवा गयाराम के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। जो कि त्रुटिपूर्ण है। जिसे सुधार कर आवेदक का वास्तविक नाम 1. गैंदलाल जोशी पिता गयालाल जोशी 2. ना. बा. मनीष पिता गयालाल जोशी 3 शैलेन्द्री बेवा गयालाल जोशी का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 28/04/2025 को उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/04/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार,
उप तहसील सारागांव
जिला रायपुर छ.ग.

न्यायालयः- मधुसूदन चंद्राकर, अष्टम जिला न्यायाधीश रायपुर छ.ग.
प्रोसेस क्रमांक- 268/2024, प्रकरण क्रमांक - 45/2025, पेशी दिनांक- 09.05.2025
पुनीत राम साहू एवं अन्य ....अपीलार्थीगण
विरूद्ध
आम जनता .... उत्तरवादी
बनामः- आम जनता ।

अपीलार्थीगण ने आपके विरूद्ध अपील अंतर्गत धारा 96 व्य.प्र.स. हेतु संस्थित किया गया है। अपीलार्थीगण को इस समंस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी पक्षकार को कोई आपत्ति है, तो इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे वकील द्वारा नियत **पेशी दिनांक 09.05.2025** को **समय 11:00** बजे उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में उपसंजाति के लिये जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिये नियत दिन है, इसलिये आपको इस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए जिनके लिये आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं।

उत्तरवादीगण/ प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित की गयी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

नोट- यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो, प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

आज दिनांक 22 माह 03 सन 2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

दिनांक 22.03.2025 मधुसूदन चंद्राकर
अष्टम जिला न्यायाधीश
मुहर रायपुर छ.ग.

न्यायालय तहसीलदार रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)

ईश्तहार

ई. क्र/202504110200035/अ-27/ वर्ष 2025
ग्राम- मोवा, प.ह.नं. 45,
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 29/04/2025

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक पवन कुमार बंजारे पिता यान सिंग बंजारे निवासी-ग्राम-पचरी, थाना-खरोरा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-178 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदिका के पति द्वारा ग्राम-मोवा, प.ह.नं. 45, तहसील व जिला रायपुर में स्थित शीट नंबर- 02, भूखंड क्रमांक - 21/2 रकबा 527 वर्गफुट भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में पवन कुमार बंजारे एवं घनश्याम सिंह बंजारे दोनो पिता यान सिंह बंजारे के नाम पर दर्ज है। आवेदक एवं अनावेदक उक्त आवासीय भूमि में पंजीकृत बैनामा दिनांक 13/07/1987 को विक्रेता आर.जे. धरमराज पिता आर.एस. राव निवासी- लोधीपारा, मोवा रायपुर छ.ग. की शीट नंबर- 02, भूखंड क्रमांक - 21, खसरा नंबर- 404 / 1, 407, 408, 406 का भाग रकबा 527 वर्गफुट क्रय किया है, तब से दोनो भाई उक्त भूमि पर काबिज है। आवेदक को उक्त भूमि में अपना हक व हिस्सा एवं खाता विभाजन करवाकर अपने नाम से पृथक से ऋण पुस्तिका बनवाना चाहता है। आवेदक द्वारा बंटवारानामा के अनुसार पर अपना नाम राजस्व अभिलेख में पृथक से दर्ज किये जाने जाने हेतु निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 29/04/2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 09/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

आप प्रभारी 11 को छत्तीसगढ़ प्रवास पर

रायपुर। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव, राज्यसभा सांसद व छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी डॉ. संदीप पाठक 11 अप्रैल को छग प्रवास पर रहेंगे। इसे लेकर प्रदेश स्तर पर तैयारी शुरू हो गई हैं। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी की केंद्रीय कमेटी ने संजीव झा की जगह डॉ. संदीप पाठक जी को छत्तीसगढ़ का नया प्रभारी बनाया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा, उनके मार्गदर्शन में पार्टी प्रदेश में तीसरे विकल्प के रूप में उभरेगी। आने वाले दिनों में संगठन विस्तार और मजबूती प्रदान करने के लिए प्रदेश स्तर के पदाधिकारी पूरे प्रदेश का दौरा करेंगे। जिसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है।

एसबीआई फाउंडेशन की मदद से हुआ 12 हजार का एक्स-रे

रायपुर। उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान कर वहां रहने वालों की जांच कर आवश्यक उपचार उपलब्ध करो 100 दिन का निक्षय निरामय अभियान एसबीआई फाउंडेशन की मदद से पूरा हुआ। अभियान के दौरान फाउंडेशन के सहयोग से स्कूल संस्था द्वारा संचालित डिजिटल एक्स-रे वैन के माध्यम से लोगों का स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। अभियान के दौरान स्कूल संस्था के द्वारा अपनी एआई- एक्स-रे मशीन के माध्यम से लगभग 12 हजार लोगों के एक्स-रे किया गया। रिपोर्ट संदिग्ध पाए जाने पर,व्यक्ति के बलगम का नॉट टेस्ट कराया गया। टेस्ट में पॉजिटिव पाए जाने के उपरांत व्यक्ति को, स्कूल संस्था ने प्रोटीन युक्त आहार और मल्टीविटामिन दवाइयां प्रदान की।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



// अहिंसा परमो धर्मा //

परस्परोग्रहो जीवानाम्

भगवान महावीर जन्मकल्याणक के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...

वरघोड़ा

गुरुवार, 10 अप्रैल 2025, समय : प्रात: 8:30 बजे

श्री दिगम्बर जैन मंदिर मालवीय रोड से प्रारंभ होकर श्री ऋषभदेव जैन श्वेताम्बर मंदिर सदर बाजार से होते हुए श्री जिनकुशलसूरी जैन दादाबाड़ी तीर्थ, एम.जी. रोड पहुंचेगी।

वीर भक्ति गीत प्रतियोगिता

रात्रि 8:08 बजे से

रायपुर नगर के स्थानीय मंडलों की भक्तिमय प्रस्तुति



राजेश मूणत
मुख्य संरक्षक
महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति
विधायक, रायपुर पश्चिम

महेन्द्र कोचर
पूर्व अध्यक्ष व प्रमुख सलाहकार
महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति
संस्थापक श्री विनय मित्र मण्डल
महासचिव श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट

विजय चोपड़ा
पूर्व अध्यक्ष व प्रमुख सलाहकार
महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति
ट्रस्टी, उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ, नगपुरा

गजराज पगारिया
संरक्षक
महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति
अध्यक्ष, उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ, नगपुरा

तिलोकचंद बरड़िया
पूर्व अध्यक्ष श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट
पूर्व अध्यक्ष महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति
चेयरमेन - जीतो रायपुर चेप्टर

संतोष बैद
संरक्षक
महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति
अध्यक्ष, श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट

कमल भंसाली
प्रमुख सलाहकार
महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति

चंद्रेश शाह
संरक्षक
महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति
अध्यक्ष, छ.ग. कच्छीदशा ओसवाल ज्ञाती संघ

महावीर कोचर
अध्यक्ष
महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति

सिद्धार्थ डागा
महासचिव
महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति

विरेन्द्र डागा
कोषाध्यक्ष
महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति

विरेन्द्र डागा
वरिष्ठ उपाध्यक्ष
महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति

सुरेश बाघमार
ट्रस्टी, उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ, नगपुरा

सीए. संतोष गोलछा
संरक्षक
महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति
अध्यक्ष, श्री साधुमार्ग शांतक्रांति जैन श्रावक संघ

विवेक डागा
अध्यक्ष
श्री मुनीसुव्रत स्वामी एवं मणिधारी दादाबाड़ी ट्रस्ट

उत्तमचंद गोलछा
अध्यक्ष, श्री समरथ जैन श्रावक संघ

विरेन्द्र पारख
वरिष्ठ उपाध्यक्ष
महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति

मनीष डागा
वरिष्ठ उपाध्यक्ष
महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति

गुलाब दस्सानी
वरिष्ठ उपाध्यक्ष
महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति

दिलीप मेहता
वरिष्ठ उपाध्यक्ष
महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति

विकास सेठीया
वरिष्ठ उपाध्यक्ष
महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति

सकल जैन समाज, रायपुर (छ.ग.)

भीषण गर्मी में हीट-स्ट्रोक, प्रभावितों के लिए बना एसी वाला लू वार्ड, ठंडे पानी में नहाने बॉथ टब का इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भीषण गर्मी के दौरान हीट-स्ट्रोक का शिकार होने वालों को जिला अस्पताल में होटल जैसी सुविधा वाले वार्ड में भर्ती किया जाएगा। दो बेड के एसी सुविधा वाले इस वार्ड में ठंडे पानी के लिए आरइस मशीन और नहाने के लिए बॉथ टब का इंतजाम भी किया गया है। जिला अस्पताल में हर साल लू वार्ड बनाए जाते हैं, मगर पहली बार इस तरह की अधिक सुविधा जुटाई गई है। अभी राजधानी का तापमान 40-41 डिग्री तक पहुंचा है, जिसकी वजह से लू लगने की शिकायत सामने नहीं आई है। अस्पतालों के मेडिसिन वार्डों में जरूर डिहाईड्रेशन, बुखार, कमजोरी जैसी बीमारी के मरीज दस फीसदी तक जरूर बढ़ गए हैं। आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ने के साथ लू की शिकायत भी बढ़ेगी जिसे ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न सरकारी अस्पतालों में लू प्रभावितों के इलाज के लिए लू वार्ड बनाया गया है। जिला अस्पताल पंडरी में लू से निपटने के लिए हीट स्ट्रोक रूम बनाया गया है, जहां जुटाई गई सुविधा किसी होटल से कम नहीं है। दो बेड की सुविधा वाले इस वार्ड में रंगीन परदे के साथ एसी की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा वहां ठंडे पानी के इंतजाम के साथ आइस बाक्स लगाया गया है। वार्ड में दो बॉथ टब की व्यवस्था की गई है, जिसमें ठंडे के साथ सामान्य पानी की सप्लाई के लिए नल का इंतजाम किया गया है। योजना के मुताबिक इलाज के लिए यहां भर्ती होने वाले लू पीड़ितों को ठंडे पानी में नहाने की सुविधा दी जाएगी। फिलहाल इस वार्ड का उपयोग शुरू नहीं हुआ है, क्योंकि कोई भी लू पीड़ित जिला अस्पताल नहीं पहुंचा है।

जिला अस्पताल में पहली बार ऐसी व्यवस्था, फिलहाल एक भी भर्ती नहीं

गर्मी बढ़ने से डिहाईड्रेशन सहित अन्य बीमारी के मरीज दस फीसदी तक बढ़े

स्वास्थ्य केंद्रों में भी इंतजाम

जिला अस्पताल के साथ जिले के सामुदायिक स्वास्थ केंद्र और हमर अस्पताल में भी लू प्रभावितों के उपचार के लिए अलग से इंतजाम किया गया है। दो बेड के इस वार्ड में एसी-कूलर का इंतजाम किया गया है। इसके अलावा दोपहर में ओपीडी में जांच के लिए दूर-दराज से आने वाले मरीजों की सुविधा के लिए ठंडे पानी के इंतजाम के साथ ओआरएस कार्नर की व्यवस्था की गई, जो मांग पर मरीजों को निशुल्क दिए जाएंगे। अस्पतालों को इस बात की हिदायत भी दी गई है कि आने वाले मरीजों को लू से बचाव के संबंध में जानकारी देकर उन्हें जागरूक भी किया जाए।

सभी जिला अस्पतालों को निर्देश

जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य की राज्य नोडल अधिकारी डॉ. स्मृति देवांगन ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की गाइडलाइन के अनुसार सभी जिला अस्पतालों में लू प्रबंधन के लिए विशेष इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। हीट-स्ट्रोक के दौरान पसीना नहीं निकलने की वजह से शरीर का तापमान बढ़ जाता है। ऐसी स्थिति में बुखार ब्रेन तक जाने की वजह से मृत्यु की आशंका भी होती है। ठंडे पानी से इसे नियंत्रित किया जा सकता है, इसलिए तमाम जिला अस्पतालों में 104 डिग्री टेप्रेचर वाले लू प्रभावितों के लिए बॉथ टब का इंतजाम किया गया है।

खबर संक्षेप

व्यास तालाब में चलाया स्वच्छता अभियान

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी बिरगांव मंडल द्वारा 6 से 14 अप्रैल तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में दूसरे दिन सोमवार को व्यास तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस स्वच्छता अभियान में बिरगांव मंडल अध्यक्ष योगेश साहू, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष होरीलाल देवांगन, चंदेश्वर पटेल, सुमन सिंह, आनंद सिंह ठाकुर, पिंकू गुप्ता, गोपेश्वर देवांगन, जय देवांगन, मोनू मानिकपुरी, संतोष राव सहित कार्यकर्ता शामिल थे।

निधन

प्रीति देवी टिलवानी

रायपुर। मंगलबाजार निवासी प्रीति देवी टिलवानी का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया। वे मुरलीदास टिलवानी की पत्नी और दीपक, सागर, रौशन की मां थीं।

रमेश ढोमने

रायपुर। देवरी महाराष्ट्र निवासी रमेश ढोमने पिता स्व. सदाशिव राव ढोमने का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवरी महाराष्ट्र के मुक्तिधाम में किया गया। वे रायपुर निवासी सुधीर ढोमने, प्रवीण ढोमने के बड़े भाई थे।

पुष्पादेवी डागा

रायपुर। कुसुम विला, एयरटेल ऑफिस के सामने, रिंग रोड नं. 1 निवासी पुष्पा देवी डागा का 7 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया। वे मोहनलाल डागा की धर्मपत्नी एवं बलदेव डागा की माताजी, अनुराग व अभिनव की दादी थीं।

21 से दिल्ली के जंतर-मंतर में देंगे धरना

हड़ताली पंचायत सचिवों को सरकार की चेतावनी, 24 घंटे में काम पर लौटे, संघ ने कहा- जारी रहेगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में 18 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे करीब साढ़े 10 हजार पंचायत सचिवों को सरकार ने चेतावनी दी है कि 24 घंटे के भीतर हड़ताल खत्म कर काम पर पर लौटो। इस निर्देश की अवहेलना पर कार्रवाई करने की बात कही गई है। दूसरी ओर पंचायत सचिव संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि हड़ताल जारी रहेगी। यही नहीं, संघ ने ये भी कहा है कि 21 अप्रैल से पंचायत सचिव अपनी मांगों के समर्थन में दिल्ली जाकर जंतर मंतर पर धरना देंगे।

एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण करें

संचालक ने जारी किया पत्र

पंचायत सचिवों की हड़ताल के संबंध में संचालक पंचायत ने राज्य के सभी जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि सचिवों की अनिश्चित कालीन हड़ताल से प्रदेश की ग्राम पंचायतों का कार्य प्रभावित हो रहा है। हड़ताल की वजह से ग्राम पंचायतों द्वारा दी जाने वाली अनिवार्य सेवाओं तथा हितग्राहीमूलक शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा हो रही है। इसलिए ग्राम पंचायतों के कार्यों को सुचारू रूप से चलाने के लिए क्या कार्यवाही करना है, ये भी पत्र में साफ किया गया है।

24 घंटे में काम पर लौटने की चेतावनी

जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से यह आदेश प्रसारित करने कहा गया है कि हड़ताली पंचायत सचिव 24 घंटे में हड़ताल समाप्त कर काम पर लौटें। निर्देश की अवहेलना करने पर प्रावधान के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। इसी क्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से ये भी कहा गया है कि जिले में काम कर रहे सहायक, आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी, कर्मचारियों को अस्थायी रूप से ग्राम पंचायत सचिव का प्रभार सौंपा जाए। इसके साथ ही ग्राम पंचायत निधि से राशि आहरण सरपंच तथा नियुक्त किए जाने वाले सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जाए।

जारी रहेगी हड़ताल, दिल्ली में करेंगे प्रदर्शन

दूसरी ओर छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह पैकरा ने हरिभूमि से चर्चा में कहा है कि हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने ये भी कहा है कि पंचायत सचिव के बदले जिन रोजगार सहायकों को प्रभार देने की बात कही जा रही है, वे वित्तीय कार्य के लिए पात्र नहीं हैं, उन्हें सचिव घोषित नहीं किया जा सकता है। श्री पैकरा ने कहा कि संघ की मैनपाट में हुई प्रदेश स्तरीय बैठक में तय किया गया है संघ के सदस्य 20 तारीख को दिल्ली जाएंगे, वहां 21 अप्रैल से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। हड़ताली पंचायत सचिवों की एक सूत्रीय मांग है कि उनका शासकीयकरण किया जाए। भाजपा ने विधानसभा चुनाव 2023 में मोदी की गारंटी के रूप में शासकीयकरण का वादा किया था। श्री पैकरा ने कहा है कि सरकार मोदी की गारंटी का वादा पूरा करे।

लाइसेंस नवीनीकरण नहीं, दो आरा मिल सील

तस्करों से चार ट्रैक्टर लकड़ी जब्त

तिल्दा क्षेत्र में वन विभाग की टीम ने जलाऊ के साथ इमारती लकड़ी जब्त की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

वन विभाग की उड़नदस्ता टीम ने बुधवार देर शाम दो आरा मिल को सील करने के साथ तिल्दा क्षेत्र में अवैध तरीके से ले जाई जा रही चार ट्रैक्टर इमारती के साथ जलाऊ लकड़ी जब्त की है।

उड़नदस्ता टीम ने यह कार्रवाई डीएफओ के निर्देश पर की है। वन विभाग की टीम ने पचपेड़ी नाका स्थित जिस आरा मिल को सील किया है, उस मिल संचालक के खिलाफ पिछले चार वर्षों से लाइसेंस नवीनीकरण नहीं कराने का आरोप है। उड़नदस्ता की टीम में शामिल दीपक तिवारी के अनुसार पचपेड़ी नाका स्थित शर्मा आरा मिल के साथ बिरगांव, भूमिया मार्केट स्थित आरा मिल को सील किया गया है। शर्मा आरा मिल के खिलाफ रजिस्टर मेंटेन नहीं करने के साथ ही मिल लाइसेंस नवीनीकरण नहीं कराने का आरोप है। इसी तरह से बिरगांव स्थित आरा मिल के संचालक के खिलाफ बगैर लाइसेंस के आरा मिल में ट्रॉली चलाने का आरोप है। इस वजह से दोनों जगहों की आरा मिल को सील किया गया है। जांच के दौरान उड़नदस्ता की टीम ने मुखबिर की सूचना पर लकड़ी जब्त की है।

डीजीजीआई ने की कार्रवाई, दिल्ली के बोगस कंपनी के नाम से फर्जी बिल बनाकर टैक्स चोरी कर रहे थे

फर्जी बिल से 135 करोड़ रुपए का कारोबार, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ गुड्स एंड सर्विस टैक्स इंटिलिजेंस (डीजीजीआई) ने रायपुर को दो कारोबारियों को 135 करोड़ रुपए के फर्जी बिल जनरेट कर 24 करोड़ रुपए का इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) लाभ लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। कारोबारियों पर दिल्ली की सेल कंपनियों के नाम से फर्जी बिलिंग कर टैक्स चोरी करने का आरोप है। डीजीजीआई की टीम ने अजय ट्रेडर्स तथा शुभम सेल्स के संचालक अजय सिंह तथा शुभम कुमार को टैक्स चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। दोनों फर्म द्वारा 94 तथा 41 करोड़ रुपए के फर्जी बिलिंग कर इनपुट टैक्स क्रेडिट लाभ लेने का आरोप है। इनके द्वारा टीएमटी, एंगल तथा चेनल तथा अन्य उत्पाद करने की खरीदी दिखाई गई थी। डीजीजीआई ने दोनों फर्म के माल खरीदी के संबंध में पेश किए गए बिल की जांच की तो दस्तावेज सही नहीं पाए गए। दोनों फर्मों के दिल्ली के जिन लोगों से माल खरीदी करना दर्शाया था, उसके बारे में जानकारी जुटाई तो दिल्ली की कंपनी फर्जी होना पाया गया।

ध्वज के पास चंद्रयान की आकृति वाली मशीन जल्द

तेलीबांधा रीक्रियेशन जोन बनेगा ईको फ्रेंडली प्लास्टिक कचरा डिस्पोज के लिए लगेगी मशीन

रायपुर। राजधानी के तेलीबांधा सरोवर के रीक्रियेशन जोन एरिया में अब प्लास्टिक का कूड़ा नहीं दिखेगा। इस परिसर को पूरी तरह ईको फ्रेंडली जोन के रूप में विकसित करने निगम से अनुबंधित कंपनी ईसीएचटी चंद्रयान की आकृति वाली नई मशीन लगायेगी। इस मशीन के लगने से ड्राइ प्लास्टिक वेस्ट और पेड़-पौधों के सूखे पत्ते का निष्पादन आसान हो जायेगा। कंपनी के डायरेक्टर राजीव सेंगर ने बताया कि मरीन ड्राइव में ध्वज के पास मशीन जल्द शुरू होगी। इससे आने वाले दिनों में रीक्रियेशन जोन एरिया जीरो प्लास्टिक वेस्ट एरिया के रूप में पहचाना जाएगा।

दरअसल, शहर के प्राइम लोकेशन पर स्थित तेलीबांधा सरोवर को रीक्रियेशन जोन के रूप में विकसित किया गया है। अनुबंधित एजेंसी ने लोगों की सुविधा के लिए योग जोन, बच्चों के लिए किड्स पार्क और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की दांडी यात्रा के प्रसंगों पर केन्द्रित फ्रीडम फाइटर वॉल का निर्माण कराया है। परिसर में अलग से फूड जोन बनाया गया है। चूंकि सुबह से देर शाम तक लोगों का यहां आना-जाना लगा रहता है। साथ ही मार्निंग और इवनिंग वॉक करने नागरिक परिवार के साथ यहां पहुंचते हैं। इसे देखते हुए अनुबंधित एजेंसी ईसीएचटी ने पूरे परिसर को ईको फ्रेंडली जोन बनाने पहल की है। तालाब किनारे देश के सबसे ऊंचे ध्वज के पास वाले क्षेत्र में नई मशीन लगायी जाएगी। इससे प्लास्टिक कचरे का डिस्पोज समय-समय पर होता रहेगा। साथ ही मरीन ड्राइव एरिया साफ-सुथरा कर इसे ईको फ्रेंडली जोन के रूप में विकसित किया जाएगा।

बिजनेस साइट

क्रेडाई की नई कार्यकारिणी का गठन पंकज लाहोटी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

रायपुर। छत्तीसगढ़ क्रेडाई ने अपनी नई कार्यकारिणी का गठन किया है, जो आगामी दो वर्षों (2025-2027) तक कार्यरत रहेगी। इस नई कार्यकारिणी में पंकज लाहोटी को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि मृणाल गोलछा को चेयरमेन के रूप में चुना गया है। अभिषेक बच्छावत को सचिव और इलेक्टेड प्रेसिडेंट के रूप में जिम्मेदारी दी गई है, जबकि ऋतिक्क नत्थानी और ऋषभ कटारिया को उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, मुकेश बजाज और संजना बघेल को संयुक्त सचिव और आयुष मोदी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी

दी गई है। विस्तारित कार्यकारिणी में अन्य सदस्यों का भी मनोनयन किया गया है। नई कार्यकारिणी के अध्यक्ष पंकज लाहोटी ने अपने पद की जिम्मेदारी संभालते हुए कहा कि वे अनुभवी और युवा दोनों वर्गों के सदस्यों के साथ मिलकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। उनका लक्ष्य है कि वे कुछ नया करें और क्रेडाई के कार्यों को और आगे बढ़ाएं। उन्होंने यह भी कहा कि क्रेडाई का प्रापर्टी एक्सपो, जो अब छत्तीसगढ़ के साथ-साथ मध्यभारत में एक महत्वपूर्ण पहचान बना चुका है, और भी अधिक निवेशकों को आकर्षित करेगा।

रामनगर में तीन हजार वर्गफीट में बिना अनुमति निर्माण, निगम ने तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर पश्चिम क्षेत्र में नगर निगम की अनुमति बिना निर्माण को लेकर निगम प्रशासन एलर्ट मोड में है। पश्चिम क्षेत्र विधायक राजेश मूणत के निर्देश पर अवैध निर्माण और नक्शा विपरीत निर्माण को लेकर कार्रवाई की जा रही है।

बुधवार को जोन 7 अमले ने रामनगर क्षेत्र में 3 हजार वर्गफीट जमीन पर बिना अनुमति किए जा रहे निर्माण को तोड़ गिराया। रामनगर इलाके में बुधवार जोन 7 कमिश्नर रमाकांत साहू के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता ईश्वरलाल टावरे और उप अभियंता रुचिका मिश्रा की उपस्थिति में 3 हजार वर्गफीट क्षेत्र में निगम से अनुमति लिए बिना किये जा रहे निर्माण को निगम अमले ने श्रीडी मशीन से तोड़ने की कार्रवाई की।

पेज 11 के शेष

प्राइवेट स्कूलों में ....

महंगी हैं। इसका भार भी पालकों पर पड़ने लगा है। स्थानीय स्तर पर जो कंपनियां कॉपियां बनाती हैं, उनमें गुरुनानक, नोटबुक सहित अन्य शामिल हैं।

दिन में 39 डिग्री ....

के ऊपर स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मध्य क्षोभमंडल तक विस्तारित है। गुरुवार को यह मुड़कर उत्तर-उत्तर-पूर्व दिशा में आगे बढ़ने की संभावना है, जिसके बाद यह क्रमिक रूप से कमजोर हो जाएगा।

एक्सीडेंट रोकने 20 ....

व्यवस्था की है। शहर के प्रमुख चौराहों में लेफ्ट फ्री एक बड़ी समस्या है। इसे देखते हुए चौराहों को लेफ्ट फ्री करने उपाय किए जाएंगे। इसके साथ ही जिन चौराहों में ट्रैफिक का दबाव ज्यादा रहता है और वहां डिवाइडर की व्यवस्था नहीं है, ऐसे चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की निगरानी में डिवाइडर का निर्माण कराया जाएगा।

शातिर कारोबारी ....

से पान की दुकान है। पुलिस ने हुक्का का अवैध कारोबार करने के आरोप में मोहन लाल तथा अशोक कुमार मंदानी को गिरफ्तार किया है। पुलिस की टीम मोहन तथा अशोक के राजीव नगर स्थित आवास में बने यार्ड में छापे की कार्रवाई करने मंगलवार को पहुंची थी। पुलिस को जो जानकारी मिली है, गिरफ्तार कारोबारी भाई हुक्का सामग्री अपने पान पैलेस में बेचने के साथ होलसेल कारोबार करते हैं।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कारोबारी भाइयों से जब्त सामान का वैध दस्तावेज दिखाने को कहा, तो कारोबारी भाई पुलिस को दस्तावेज नहीं दिखा पाए।

लगातार शिकायत मिलने पर की कार्रवाई : कारोबारी भाइयों द्वारा लगातार हुक्का सामग्री बेचे जाने की पुलिस को लगातार शिकायत मिल रही थी। शिकायत की पुष्टि करने पर पुलिस ने कारोबारी भाई के यहां काम करने वाले कर्मी के माध्यम से जानकारी जुटाई, इसके बाद पुलिस की टीम कारोबारी भाइयों के गोदाम तथा दुकान में छापे की कार्रवाई करने पहुंची।

रास्ता रोक चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार : रायपुर। उरला थाने की पुलिस ने रास्ता रोककर चाकू से हमला करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। वीरेंद्र विश्वकर्मा पर चाकू से हमला करने के आरोप में पुलिस ने रावांभाठा निवासी विनय कोसले को गिरफ्तार किया है। वीरेंद्र ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि शनिवार को वह अपने दोस्त के साथ देर रात अपनी स्कूटी से घर जा रहा था, इस दौरन विनय ने वीरेंद्र की स्कूटी रोक कर उस पर चाकू से हमला कर दिया।

डैफोडिल्स इंग्लिश स्कूल में हर्षोल्लास मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस

रायपुर। डैफोडिल्स इंग्लिश स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस को हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या, आशा विग के नेतृत्व और मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एकता हॉस्पिटल के बाल रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर गणपत झा (एमबीबीएस, डीएनबी) को आमंत्रित किया गया। इसके अलावा, स्कूल के संचालक मिन्हाज असद भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, डॉक्टर गणपत झा ने बच्चों को स्वस्थ जीवन जीने के महत्व के बारे में अपने अनमोल विचार साझा किए। उन्होंने स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और छात्रों को स्वास्थ्यपूर्ण आहार, जैसे हरी सब्जियों और फलों के सेवन पर जोर दिया। साथ ही, उन्होंने मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बचने और बाहर खेलों में भाग लेने की सलाह दी।

बैंक ऑफ इंडिया ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में शानदार प्रदर्शन किया : गायत्री कंपा

रायपुर। बैंक ऑफ इंडिया ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में बेहतरीन प्रदर्शन किया है, खासतौर पर छत्तीसगढ़ क्षेत्र में। बैंक ऑफ इंडिया की जोनल मैनेजर गायत्री कंपा ने बताया कि बैंक रिटेल, एग्रीकल्चर और एमएसएमई तीनों क्षेत्रों में शानदार काम कर रही है।

पिछले वित्तीय वर्ष में, बैंक ऑफ इंडिया ने एमएसएमई क्षेत्र में 20-22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इस सफलता के पीछे बैंक के पास एमएसएमई के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए उत्पाद हैं, जो इस क्षेत्र को सशक्त बना रहे हैं। बैंक ने इस क्षेत्र में न केवल अपने उत्पादों को बेहतर बनाया है, बल्कि ग्राहकों की जरूरतों के हिसाब से कस्टमाइजेशन भी किया है। उन्होंने आगे कहा कि बैंक ऑफ इंडिया के पास छत्तीसगढ़ में कुल 64 शाखाएं हैं, जो 27 जिलों में फैली हुई हैं। इस विस्तार के साथ, बैंक ने 15,000 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। बैंक ऑफ इंडिया विभिन्न सरकारी योजनाओं में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है और अपने ग्राहकों को इन योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद कर रहा है। उन्होंने कहा कि बैंक का मुख्य फोकस एग्रीकल्चर, पोल्ट्री और राइस मिलर्स के साथ काम करने में है।

पंचायत सचिव के हड़ताल से पूरी व्यवस्था ढप

रायपुर। जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा बुधवार को पंचायत सचिव के हड़ताल में शामिल होकर जायज मांग नियमितीकरण का समर्थन किया और मानवीय आधार पर अतिशीघ्र मांग पूरा करने की शासन से आग्रह किया है। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री वर्मा ने बताया कि, पंचायत चुनाव तीन माह हो गया तब से लेकर आज तक पंचायत सचिव हड़ताल पर है, पंचायत का पूरा काम ढप पड़ा है, पंचायत को भारी समस्या से गुजरना पड़ रहा है, सभी पंचायतों में अभी मूल समस्या पानी का है, पंचायतों में लगातार आवास, राजीव गांधी कृषक न्याय योजना, महतारी न्याय योजना सहित पंचायत से संबंधित सभी योजनाओं का मांग की जा रही है। ऐसी स्थिति में भाजपा की राज्य शासन की सुशासन कार्यक्रम फ्लॉफ है बल्कि सचिवों के हड़ताल से पंचायत का पूरा काम प्रभावित हो रहा है, सुशासन के पहले पंचायत सचिवों की हड़ताल समाप्त करवाए ताकि पंचायतों का काम सुगमता से हो सकें। पंचायत सचिवों की नियमितीकरण की जायज है 30 साल से लगातार काम करते आ रहे हैं।

हरिभूमि

रायपुर, गुरुवार 10 अप्रैल 2025

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

रोबोटिक्स, वेबसाइट डिजाइन के साथ ...

सिटी इवेंट

एमिटी के दीक्षांत में 18 को स्वर्ण, 15 को रजत और 6 विद्यार्थियों को मिला कांस्य पदक

रायपुर। एमिटी यूनिवर्सिटी का तीसरा दीक्षांत समारोह पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में किया गया। इसमें 676 विद्यार्थियों को डिग्री और उपाधि बांटी गई। इस कड़ी में 18 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक तो वहीं 15 को रजत पदक मिला। इनके बीच 06 विद्यार्थियों को कांस्य पदक दिया गया। समारोह में राज्यपाल रामेन डेका ने अध्यक्षीय संबोधन में शिक्षा को राष्ट्र निर्माण की कुंजी बताया। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों को देश के भविष्य को आकार देने के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए उन्होंने निजी शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों से व्यापारिक सोच से ऊपर उठते हुए परोपकार की भावना अपनाने के लिए अपील की।

देश को वैश्विक महाशक्ति बनाने

इस क्रम में बी.टेक के तुषार पांडे और बीबीए की असिस कौर, कुलदीप सिंह गुलाटी को श्रेष्ठता के लिए बलजीत शास्त्री पुरस्कार मिला। डॉ. अशोक के. चौहान, अमेटी विश्वविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष ने छात्रों को अपने जीवन के लिए लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आगे कहा कि संस्कार, मूल्य सफलता की कुंजी हैं। छात्रों को देश को वैश्विक महाशक्ति बनाने की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित किया। वहीं, डॉ. असीम चौहान ने कहा कि भारतीय प्रतिभा और बौद्धिक क्षमता विश्व में सर्वश्रेष्ठ है, और आपके पास दुनिया को बेहतर बनाने की अपार संभावनाएं हैं।

कई विद्यार्थियों को दिया अवार्ड

इस दीक्षांत में विभिन्न संकाय के 676 छात्र-छात्राओं को स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी की उपाधि दी गई। साथ ही उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए 11 छात्रों को 'डॉ. अशोक के. चौहान अवार्ड' और दो छात्रों को 'बलजीत शास्त्री पुरस्कार' तथा 01 छात्र को 'सर्वश्रेष्ठ सर्वांगीण प्रतिभा ट्रॉफी' दी गई। 38 छात्रों को अलग-अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए साल्वर प्रमाण पत्र दिया गया। बी.टेक के प्रियांशु पटेल को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बेस्ट ऑल राउंडर ट्रॉफी दी गई। चांसलर डॉ. डब्ल्यू. सेल्वामूर्ति और कुलपति प्रो. पीयूष कांत पांडे ने इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित किया।

लाइव इवेंट

महाराष्ट्र मंडल की नई पहल, बुजुर्गों के लिए आपुलकी योजना की शुरुआत

रायपुर। महाराष्ट्र मंडल में आगामी वर्ष के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय कर ली गई है। चौबे कॉलोनी स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज सभागृह में बैठक आयोजित की गई। जहां मुख्य रूप से चार-चार महिला केंद्रों को मिलाकर समूह निर्माण किया गया, जिसमें वर्षभर होने वाले कार्यक्रमों को लाटरी सिस्टम से कार्य की रूपरेखा तय की गई। अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने कहा कि इस वर्ष दिव्यांग बालिका विकास गृह का नवीनीकरण किया जा रहा है। इसे तैयार करने में महाराष्ट्र मंडल और शहर के दानदाताओं ने आर्थिक रूप से सहयोग किया है। दिव्यांग बच्चियों के लिए भवन में अधिक से अधिक सुविधाएं देने का प्रयास किया जा रहा है।

मंडल में 16 केंद्रों के सदस्यों की बैठक

सचिव चेतन दंडवते ने कहा कि नए दिव्यांग बालिका विकास गृह में बुजुर्गों के डे केयर सेंटर को भी स्थापित करने की योजना तैयार की गई है। इस पहल को 'आपुलकी योजना' का नाम दिया गया है। इसमें ऐसे घरों के बुजुर्गों को सशुल्क रखा जाएगा, जिनके घरों के परिजन वर्किंग हैं, जो काम के सिलसिले में घंटों घर से बाहर रहते हैं। इस योजना के अंतर्गत बुजुर्गों को शाम तक घर वापस लौटना होगा, जिनके परिजन शाम को लेने पहुंचेंगे। बैठक में राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 16 समूह की महिलाएं शामिल हुईं। जिसमें रोहिणीपुरम, डंगनिया, चौबे कॉलोनी, सुंदर नगर, ग्रुप नंबर तीन में टाटीबंध, कोटा, सरोना जैसे कई ग्रुप की महिलाएं शामिल रहीं।

इंटरनेशनल स्विमिंग पूल- यूनियन क्लब में हर वर्ग के लोग ट्रेनर से सीख रहे प्रतियोगिता की बारीकियां

गर्मी शुरू होते ही रायपुरियंस में बढ़ रहा स्विमिंग का क्रेज, बच्चे-युवा व वुमन्स भी ले रहे मेंबरशिप

'गर्मी का मौसम शुरू होते ही रायपुरियंस अब स्विमिंग पूल की तरफ रूख करने लगे हैं। शहर के सभी स्विमिंग पूलों में सुबह से लेकर देर शाम तक युवाओं और बच्चों की भीड़ देखने को मिल रही है। इनमें उम्रदराज भी तैराकी का लुत्फ उठाने और गर्मी से राहत पाने के लिए स्विमिंग पूल में डुबकी लगाके को आतुर नजर आ रहे हैं। सामान्य दिनों में जहां 25 से 50 लोग स्विमिंग पूल में उतरते थे, वहीं अब साढ़े 5 सौ से ज्यादा रेगुलर मेंबर्स पहुंच रहे हैं।'

रायपुर। शहर के जीई रोड स्थित इंटरनेशल स्विमिंग पूल का माहौल बदलने के साथ ही रौनक भी बढ़ने लगी है। सुबह से देर-शाम के बीच अलग-अलग टाइमिंग में हर वर्ग के लोग स्विमिंग के लिए पूल में भी उतरने की चाहत संजोने लगे हैं। बच्चों का ही नहीं, बल्कि वुमन्स का भी बैच लगता है। इसमें 5 से 15 साल के बच्चे से लेकर वुमन्स भी तय टाइमिंग के बीच घर की जिम्मेदारी निभाने के बाद स्विमिंग पूल में गर्मी से राहत के साथ ही स्विमिंग कॉम्पिटिशन के लिए प्रैक्टिस करने के लिए भी पहुंचने लगी हैं। जहां सामान्य दिनों में या यूं कहें कि ठंड के मौसम में सन्नाटा पसरा होता था, वहीं गर्मी शुरू होते ही स्विमिंग पूल में एक बार फिर रौनक लौटने लगी है। नए लोग मेंबरशिप लेने के लिए भी ट्रेनर्स के पास पहुंचने लगे हैं।

युवाओं व बच्चों के चलते बढ़ी रौनक

स्विमिंग पूल में बच्चे और बच्चियां जहां एक तरफ दोस्तों के साथ ठंडे पानी में करतब दिखाते नजर आए, वहीं केयर करने के लिए पैरेंट्स भी ट्रेनर के साथ मौके पर उत्साह से बच्चों के धैर्य और कौशल को देखते नजर आए। इंटरनेशनल एवं यूनियन क्लब के स्विमिंग पूल में हाथ और पैर से पानी में कभी डुबकी तो कभी एक-दूसरे के ऊपर पानी छिड़कते दिखे। दूसरी तरफ युवा खुद को बेहतर तैराक साबित करने मासूम बच्चों के ग्रुप से दूर समूह में रेस लगा रहे थे। बैच का समय खत्म होने पर ट्रेनर बाहर निकलने के लिए सिटी बजाते हुए संकेत दे रहे थे।

बेसिक सिखाने के लिए अलर्ट होते हैं

इंटरनेशनल स्विमिंग पूल के चंदन राम ने बताया कि स्कूलों की परीक्षा खत्म होने से अब मेंबर बढ़ने लगे हैं। अभी 5 सौ से ज्यादा लोग स्विमिंग के लिए रोज पहुंच रहे हैं। हर पाली के लिए ट्रेनर्स भी रहते हैं। जो स्विमिंग की बेसिक जानकारी देते हैं। जैसे किस तरह से श्वांस को रोकना है। पहली बार पूल में उतर रहे तो किस तरह की सावधानी रखनी है। एक-एक स्टेप उन्हें रोज सिखाते हुए महीनेभर में ट्रेड करते हैं। वहीं, यूनियन क्लब के स्विमिंग पूल को लेकर पुष्कर कहार ने बताया कि यहां 30 से 40 मेंबर्स स्विमिंग करते हैं, इनके बीच प्रतियोगिता होती है।

बेसिक सिखने में लगता है एक महीना

ट्रेनर्स ने बताया कि जो बच्चे पहली बार स्विमिंग के लिए आते हैं, उनको पूल में उतराने से पहले पूल में लगे राड के सहारे चलने का प्रैक्टिस कराते हैं। इसके बाद स्विमिंग के दौरान श्वांस लेने और छोड़ने की विधा भी बताते हैं। इसके बाद ही उन्हें पूल में उतारते और फिर पैर और हाथ के सहारे किस तरह से आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए, यह भी बताया जाता है। सुबह 6 से 11 और शाम को 4 से 8 बजे तक ही स्विमिंग का अवसर दिया जाता है।

यह है स्विमिंग ट्रेनिंग के लिए रेट

प्रबंधक पुष्पकांत चंद्राकर ने बताया कि इंटरनेशनल स्विमिंग पूल में रजिस्ट्रेशन के लिए कुछ शुल्क भी निर्धारित किए गए हैं। पहले एडमिशन फीस के रूप में 300 रुपए लगता है, फिर महीने का 1900 रुपए लेते हैं। तीन महीने का 5000, छह महीने का 8000 रुपए और एक साल की फीस 13000 रुपए हैं। इसके साथ ही कई लोग कभी-कभी स्विमिंग करने या बच्चों को सिखाने के लिए आते हैं। ऐसे लोगों से प्रतिदिन का 150 रुपए लेते हैं। जो लोग प्रोफेशनल ट्रेनिंग लेते हैं, उन्हें प्रतियोगिता के लिहाज से ट्रेनर्स ट्रेड करने का प्रयास करते हैं।

नवकार महामंत्र का जाप करके रचा इतिहास इसके साक्षी बने दस हजार से ज्यादा लोग

रायपुर। शहर के एमजी रोड स्थित जैन दादाबाड़ी में नवकार महामंत्र दिवस को यादगार बनाने के लिए लोगों में उत्साह देखने को मिला। आध्यात्मिक एकता के संगम में नवकार महामंत्र दिवस पर जाप करने और अवसर को भव्य बनाने में रायपुर के लोगों ने कोई कसर नहीं छोड़ी। 10,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने एक साथ नवकार महामंत्र का जाप किया। यह ऐतिहासिक आयोजन जीतो रायपुर चैप्टर के निर्देशन और तिलोकचंद बरड़िया की अध्यक्षता में किया गया। इसमें जीतो महिला विंग और जीतो यूथ विंग का विशेष योगदान रहा। इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन को गरिमा प्रदान करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विज्ञान भवन दिल्ली से आयोजन का वर्चुअल शुभारंभ करते हुए देश के विभिन्न शहरों से जुड़े और नवकार मंत्र के आध्यात्मिक महत्व को बताया।

हर वर्ष 9 अप्रैल को मनेगा नवकार दिवस

आयोजकों ने घोषणा की कि अब हर साल 9 अप्रैल को नवकार दिवस मनाया जाएगा। इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का प्रयास किया जाएगा। तिलोकचंद बरड़िया ने बताया कि इस साल किया गया आयोजन सिर्फ एक धार्मिक समागम नहीं, बल्कि वैश्विक शांति और सौहार्द का संदेश देने वाला अभियान है। जैसे विश्व दिवस होता है, वैसे ही हम चाहते हैं कि नवकार दिवस को वैश्विक मंच पर पहचान मिले। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजेश मूणत भी शामिल हुए। विशेष प्रवचन और आशीर्वाद ऋषभ सागरजी म.सा., एवं ऋजुप्रज्ञ सागरजी म.सा. के द्वारा इस अवसर पर समाज के लोगों को प्रवचन और आशीष का लाभ दिया गया। आयोजन को सफल बनाने में अभय मंसाली के साथ ललित पटवा, सुशील बरलोटा, मनोज कोठरी, अलोक जैन ने सहयोग दिया।

हनुमान जयंती पर होगा 108 संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ

रायपुर। हनुमान जयंती के अवसर पर संजय नगर स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में 108 हनुमान चालीसा का महापाठ होने जा रहा। इस वर्ष 12 अप्रैल को श्रीहनुमान जयंती का पर्व मंदिरों में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मंदिर में सुबह 8 बजे श्रृंगार पूजा से जयंती पर्व की शुरुआत होगी ,जिसके बाद दोपहर 2 बजे 108 संगीतमय हनुमान चालीसा के पाठ शहर की भजन मंडली द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान पांच सौ से अधिक श्रद्धालुगण मंदिर परिसर में उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर शाम को हवन-पूजन और महाआरती भी की जाएगी।हनुमान जयंती के खास मौके पर मंदिर परिसर में रंग-रोगन का कार्य शुरू हो गया है। वहीं, जयंती तिथि को प्रतिमाओं का स्वर्ण-चांदी के आभूषण और फूलों से विशेष श्रृंगार किया जाएगा। मुख्य रूप से शहर के कई समितियों की भजन संध्या के मौके पर उपस्थिति रहेगी। देर शाम को भोग-प्रसादी वितरण का आयोजन भी किया जाएगा।

छत्रपति शिवाजी स्कूल में जूनियर्स ने दी 12वीं की छात्राओं को पार्टी, गुरुजनों ने दिया आशीष

तेरे जैसे यार कहां... सांग्स गाते भावुक हुईं छात्राएं फेयरवेल में साझा की यादें, भूमिका बनी मिस इवनिंग

कार्नर न्यूज

रायपुर। 'तेरे जैसा यार कहां, कहां ऐसा याराना' सांग्स को गाते हुए छत्रपति शिवाजी स्कूल में 12वीं की छात्राएं कुछ पल के लिए भावुक हुईं। ऐसा होना भी लाजिमी था, मौका था जूनियर्स द्वारा सीनियर्स को पारंपरिक रूप से दी गई फेयरवेल पार्टी का। इसमें छात्राओं को विद्यालयीन शिक्षा से विदाई की बेला में गुरुजनों ने जीवन में सफलता के गुर सिखाते हुए आशीष दिया। बुधवार को स्कूल परिसर में छात्राओं के लिए गए आयोजन में उत्साह का माहौल भी देखने को मिला। सीनियर छात्राओं का स्वागत फूलों की वर्षा से किया गया। छात्राओं ने स्कूल में प्रवेश के साथ ही शिक्षकों से आशीर्वाद लेते हुए स्कूल में अंतिम दिन को यादगार बनाया है। वहीं, छात्राएं भारतीय परिधान में शामिल हुईं।

जोशीले अंदाज में किया गया स्वागत

यारों दोस्ती बड़ी ही हसीन है ये ना हो तो क्या फिर बोलो ये जिन्दगी है..कार्यक्रम का प्रारंभ रीमिक्स फ्रेंडशिप सॉन्ग पर शानदार परफॉर्मेंस के साथ किया गया। इस दौरान बारहवीं कक्षा की छात्राओं ने भी सामूहिक रूप से प्रस्तुति दी। जहां परफॉर्मेंस के दौरान ही सभी भावुक होकर एक-दूसरे से गले मिलते दिखीं। जूनियर छात्राओं ने सीनियर्स के साथ मिलकर सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी। खास मौके पर फिल्मी गीतों से स्कूल का समागार गूंज उठा। इसमें छात्राओं ने जोशीले अंदाज में एक से बढ़कर एक नृत्य, गायन भी पेश किया।

विदाई की बेला में नम हुईं आंखें

फेयरवेल कार्यक्रम में मिस इवनिंग भूमिका ठाकुर, बेस्ट परफॉर्मर वैष्णवी सिंह और बेस्ट ड्रेस अप का खिताब साजिया मेमन को दिया गया। इस मौके पर बारहवीं कक्षा की भूमिका ठाकुर, नैना जैन, वैष्णवी सिंह छात्राओं ने अपने नर्सरी से बारहवीं कक्षा तक के सफर को याद किया, जिसमें सभी कक्षा के खास यादों को सभी के साथ साझा किया। इस दौरान छात्राएं पुरानी यादों को कहते हुए भावुक हो गईं। विदाई समारोह में सभी छात्राओं को स्कूल की तरफ से उपहार भी भेंट स्वरूप दिया गया। विदाई समारोह में मनोरंजन से भरपूर गेम्स भी रखा गया, जिसमें संगीत के आधार पर गीत के बोल रखा गया। गेम्स में सृष्टि यदु, साजिया मेम और नेहा जैन ने बाजी मारी। कार्यक्रम का संचालन कक्षा ग्यारहवीं की छात्राओं त्रिशाला लक्केवार, सौम्या गभने, रागिनी हलवाई, चांदनी भोई द्वारा किया गया।

समाज लाइव

बेजुबान पक्षियों का जीवन बचाने बांटा सकोरा-दाना

रायपुर। गर्मी शुरू होने के साथ ही अब शहर में ग्रुप बनाकर बेजुबान पक्षियों का जीवन बचाने का प्रयास करने वाली संस्थाएं भी सक्रिय हो गई हैं। 'कोई प्यासा ना रह जाए -चलो पक्षी बचाएं' का संदेश देने पहल शुरू हो गई है। नेकी कर संस्था द्वारा भीषण गर्मी से बेजुबान पक्षियों को बचाने के लिए इस वर्ष भी हज़ारों सकोरे और दाना का निशुक्ल वितरण किया गया। यह आयोजन संस्था द्वारा राम मंदिर प्रांगण में ही किया गया। इसमें संस्था के कार्यकर्ताओं ने शहरवासियों के बीच पक्षी प्रेम के लिए जागरुकता और भीषण गर्मी में सकोरे के महत्व को भी बताया।

पशुओं के प्रति प्रेम भाव रखें

युवाओं ने मंदिर में आने वाले लोगों के बीच पशुओं के प्रति प्रेम भाव रखने का संदेश भी दिया। नेकी कर संस्था ने 1200 सकोरे और 2400 पैकेट दाना का भी वितरण किया। संस्था द्वारा पशुओं की भूख-प्यास मिटाने के लिए कोटने का वितरण भी किया जा रहा है। युवाओं के द्वारा लोगों को बताया गया कि आप पशु प्रेमी हैं तो संस्था से सकोरा या कोटना प्राप्त करके बेजुबानों को गर्मी से राहत देने का प्रयास कर सकते हैं।

सिटी लाइव

बच्चों ने नृत्य, गीत और अभिनय से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

रायपुर। ऐमिटी अंतराष्ट्रीय विद्यालय रायपुर में 'ग्रेजुएशन डे' का रंगारंग और भावनात्मक आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से किया। यह प्रस्तुति जीवंत और ऊर्जावान थी, जिसने उत्सव के माहौल में पहुंचा दिया। ग्रेड नर्सरी के नन्हें बच्चों ने रंग-बिरंगे नृत्य प्रस्तुत किए, नृत्य, गीत और अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हर प्रस्तुति में बच्चों का आत्मविश्वास और मेहनत साफ झलक रही थी। समारोह का सबसे विशेष क्षण तब आया जब ग्रेड यूकेजी के बच्चों को 'स्नातक प्रमाण पत्र' प्रदान किए गए। विद्यालय की प्रधानाचार्या अर्पिता मंजूमदार ने अपने स्वागत भाषण में विद्यार्थियों के विकास की सराहना की। कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष डा. अशोक के चौहान, डा. अमिता चौहान सहित छात्र-छात्राएं शामिल थे।

पारंपरिक तरीके से मनाई जाएगी श्रीराम की छट्ठी

रायपुर। ऐतिहासिक जैतूसाव मठ में हर साल की तरह राम नवमी के बाद पारंपरिक रीति-रिवाज से भगवान श्रीराम की छट्ठी मनाने की तैयारी शुरू हो गई है। मंदिर के अजय तिवारी ने बताया कि उत्सव मनाने के लिए जिस तरह से परिवार में सरोकार से जुड़ी रस्में निभाई जाती हैं, उसी प्रकार मठ में आयोजन से पहले भजन गायन के लिए टोलियों के साथ ही लोगों को भी आमंत्रित किया जाता है। 12 अप्रैल को दोपहर 12 बजे आरती-पूजन के बाद मठ में छट्ठी की परंपरा भी निभाई जाएगी।

● सीजी रीजनल साइंस सेंटर में साइंस समर कैम्प में इस गर्मी में हर दिन होगा खास, दो ग्रेड में देंगे मौका

रोबोटिक्स, वेबसाइट डिजाइन के साथ विजुअलाइजिंग मैथ्स, साइंस सेंटर में सीखेंगे फन विथ फिजिक्स

'स्कूली शिक्षा से जुड़े छात्र-छात्राओं को इस समर वेकेशन में रीजनल साइंस सेंटर में बहुत कुछ सीखने को मिलने वाला है। युवाओं को बौद्धिक और शैक्षणिक गुणवत्ता के आधार पर अलग-अलग ग्रेड में बांटा जाएगा। इसमें 6वीं से 8वीं के विद्यार्थी जूनियर तो 9वीं से 12वीं के विद्यार्थी सीनियर ग्रुप का हिस्सा बनेंगे। कैंप में रोबोटिक्स, वेबसाइट डिजाइन करने के साथ ही विजुअलाइजिंग मैथ्स और फन विथ फिजिक्स के साथ जादुई केमेस्ट्री बताने की तैयारी है।'

साइंस कैम्प 23 अप्रैल से

साइंस कैम्प-2025 का आयोजन 23 अप्रैल से किया जा रहा, जो समय सारणी के तहत ही जारी रहेगा। सीनियर समूह में कक्षा 9वीं से 12वीं और जूनियर समूह में 6वीं से 8वीं के छात्रों को शामिल किया गया है। जो छात्र कैंप के लिए इच्छुक हैं, उन्हें पंजीयन कराना होगा। इसके लिए 94249-25599 नंबर पर व्हाट्सएप या व्यक्तिगत रूप से सांइस सेंटर में जानकारी दे सकते हैं। निःशुल्क पंजीयन में अब तक दुर्ग, भिलाई, रायपुर, राजिम, खरोरा का पंजीयन हुआ है।

आईआईटी, एनआईटी के एक्सपर्ट

आगे बताया कि इस समर कैंप में सभी कक्षाओं के लिए अनुभवी प्रशिक्षकों को आमंत्रित किया गया है। इसके लिए आईआईटी, एनआईटी, पं. रविशंकर यूनिवर्सिटी के प्रशिक्षक शामिल होंगे। इस वर्ष सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को प्राथमिकता दिया गया है। सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों का पंजीयन बड़ी संख्या में किया गया है।

वेबसाइड डिजाइन कैंप

सीनियर कक्षा के छात्रों को 28-31 मई को वेबसाइड डिजाइन करना सिखाया जाएगा। इसमें छात्रों को वेबसाइड बनाने के लिए किस प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाता है? किसी कंपनी का वेबसाइड तैयार करते वक्त होम पेज, एक्टिविटी पेज कैसे डिजाइन किया जाता है? साथ ही कोडिंग के जरूरी चरणों की जानकारी दी जाएगी।

रायपुर। विद्यार्थियों में तकनीकी ज्ञान बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर द्वारा समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस साल सीनियर और जूनियर छात्रों की श्रेणी में प्रतिभागियों को विभाजित किया है। समर कैंप में हिस्सा लेने के लिए प्रदेशभर के सरकारी और निजी विद्यालयों ने पंजीयन कराया है। इसमें हर स्कूल से पांच विद्यार्थियों का चयन किया गया है। इस अनोखे पहल से विद्यार्थियों को नवीन तकनीक और उपकरणों की जानकारी दी जाएगी। छात्र-छात्राओं को विज्ञान के प्रति सजग करने का काम किया जाएगा। सेंटर की सदस्य प्रज्ञा कदम और जनरल डायरेक्टर डॉ. एस कर्मकार ने बताया कि गर्मी की छुट्टियों में विद्यार्थियों के लिए समर कैंप का आयोजन जा रहा है। इस वर्ष रोबोटिक्स, वेबसाइड डिजाइन, कृत्रिम बुद्धिमता की मूलभूत जानकारी, मोबाइल ऐप विकास, बेस्ट ऑफ वेस्ट, विजुअलाइजिंग मैथ्स, फन विथ फिजिक्स, जादुई रसायन की कक्षाएं संचालित होंगी।

रोबोटिक्स विषय पर कैंप

समर कैंप के दौरान 23-26 अप्रैल को वॉइस कंट्रोल और लाइट कंट्रोल रोबोट बनाना सिखाया जाएगा। विदेशों में मरीजों की देखभाल के लिए रोबोट तैयार किया गया है, जिसके तर्ज पर रायपुर के साइंस सेंटर में भी स्कूली बच्चों को रोबोट बनाने की प्रक्रिया बताई जाएगी। वॉइस कंट्रोल रोबोट व्यक्ति के बातों को समझकर कार्य करेगा। वहीं, लाइट कंट्रोल रोबोट को हरा, लाल, पीला लाइट के अनुसार कमांड दिया जाएगा। लाइट और वॉइस सुनकर और देखकर रोबोट एक्टिव मोड में काम करना शुरू करेगा। साइंस सेंटर में 3-6 जून तक मोबाइल एप विकास कैंप का संचालन किया जाने वाला है। इसमें बच्चों को मोबाइल ऐप का प्रयोग और डिजाइन बनाने की प्रक्रिया साझा की जाएगी। इस समर कैंप के अंतर्गत 6-8 कक्षा के विद्यार्थियों को गणित के प्रश्न कम समय में हल की टिप्स दी जाएगी।

जानेंगे दैनिक दिनचर्या की केमेस्ट्री

साइंस सेंटर में फन विथ फिजिक्स 21-23 मई और जादुई रसायन 11-13 जून जूनियर छात्रों के लिए रखा गया है। इसमें विज्ञान के कठिन कॉरमुला और न्यूटन के तीन लॉ को याद कराया जाएगा। इस मौके पर कलरफुल केमिस्ट्री बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। जिसमें किचन से लेकर दिनचर्या में केमिस्ट्री कहां-कहां प्रयोग होता है, इसकी जानकारी दी जाएगी।

कृत्रिम बुद्धिमता की मूलभूत जानकारी पर व्याख्यान

इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संबंधित सामान्य जानकारी साझा की जाएगी। इसकी क्लास 8-11 मई को संचालित होगी। इसमें मशीन कैसे काम करता है? कंपनियों के मशीन को ऑटो मोड में कैसे कमांड दिया जाता है? साथ ही नवीन तकनीक के प्रयोग से मॉडल और फीचर का प्रयोग किया जा रहा है, इसकी जानकारी प्रत्यक्ष रूप से दी जाएगी।

व्यस्तता के बीच बच्चों को फीडिंग कराने से पहले करें 5 मिनट रिलेक्स, स्वस्थ रहने फलों के जूस का करें सेवन

रायपुर। नवजात शिशुओं के लिए हर मौसम और उसका अनुभव नया होता है। गर्मी में माताएं अगर घर में काम कर रही, तो काम छोड़कर बच्चे को तुरंत फीडिंग कराने की बजाय 5 मिनट शरीर को आराम दें। इस तरह मां के शरीर का तापमान सामान्य होगा। इसके बाद फीडिंग कराने से बच्चे का स्वास्थ्य गर्मी में भी बेहतर रहेगा। इसके साथ ही नवजात शिशु की माताओं को गर्मी में खुद की सेहत का ध्यान देना होगा। इसके लिए बेहतर होगा कि वे सामान्य खान-पान के अलावा गर्मी में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए भी छाछ, लस्सी के साथ ही फलों के जूस का भी सेवन करें। ऐसा नहीं करने से गर्मी के मौसम में बच्चों को भी समस्याएं हो सकती हैं।

सही मात्रा में पोषक आहार मिलेगा

सभी मौसम में बच्चों की देखभाल के तरीके में बदलाव होता है। सही देखभाल के लिए चिकित्सकों द्वारा पैरेंट्स की काउंसलिंग भी की जाती हैं। हरिभूमि टीम से चर्चा के दौरान शिशु रोग विशेषज्ञों ने गर्मी के दिनों में सही देखभाल को लेकर सलाह दी। चिकित्सक बताते हैं कि सभी मौसम में शरीर का तापमान बदलता रहता है। बच्चों के स्वस्थ शरीर के लिए मां रोजाना फलों का रस, छाछ, लस्सी, आम का पना, मौसमी फल का सेवन करें। इससे शरीर में पानी की समस्या नहीं होगी। जिससे स्तनपान के दौरान बच्चों को सही मात्रा में पोषक आहार मिलेगा।

गर्मी से बचने लस्सी, छाछ, आम-पना पीएं

जिला अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. निलय मोझरकर ने बताया कि गर्मी के दिनों में शिशु और मां अधिक समय तक धूप में ना रहें। इस दौरान दोनों अपना सर धूप से बचाकर चलें। इन दिनों शरीर को ठंडा रखने के लिए अधिक शक्कर वाले पेय पदार्थ (कोल्ड ड्रिंक) से दूर रहें। ज्यादा शक्कर मां और बच्चे के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। गर्मी से बचने के लिए लस्सी, छाछ, आम पना सबसे बेहतर उपाय है।

बच्चों के लिए मां का दूध सर्वोत्तम

गर्मी के दिनों में बच्चों के शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए 2-3 घंटे में फीडिंग कराना जरूरी है, इससे बच्चों का शरीर स्वस्थ रहता है। शिशु, पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ. रिमझिम श्रीवास्तव ने बताया कि बच्चों के स्वस्थ शरीर के पीछे मां का खान-पान शामिल है। गर्मी के दिनों में मां अपने सेहत का विशेष ध्यान दें। गर्मी शुरू होते ही शरीर में गर्मी और पानी की समस्या देखने को मिल रही। इसका मुख्य कारण मां का स्वास्थ्य के प्रति सजग नहीं होना है।

बच्चों के शरीर में पानी की समस्या

गर्मी के दिनों में अक्सर माताएं बच्चों को स्तनपान कराना बंद कर देती हैं। इससे बच्चों के शरीर में पानी की समस्या देखने को मिलती है। आम्बेडकर अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आकाश लालवानी ने बताया कि गर्मी तेज होते ही बच्चों को एसी या कूलर के नजदीक ना रखें। बच्चों के शरीर के तापमान के अनुसार माता-पिता कमरे का तापमान तय करें। इस मौके पर सुबह 6-7 बजे की धूप बच्चों को दिखाएं, जो उनके शरीर में विटामिन-डी की कमी को पूरी करेगा। शाम 6 बजे के बाद ही घर से बाहर निकालें।

गर्मी में बच्चों को नहलाना बंद ना करें

डॉ. आकाश ने बताया कि गर्मी के दिनों में बच्चों को नहलाना बंद ना करें। अक्सर परिजनों की गलती के कारण बच्चों के शरीर का तापमान अधिक रहता है। गर्मी तेज होते ही दिन में दो बार बच्चों को नहला सकते हैं। साथ ही मां अपने बेहतर रूटिन के अनुसार बच्चे को स्वस्थ रख सकती है।

महाधिवेशन से पहले आज कुर्मी समाज की बाइक रैली

रायपुर। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का प्रदेश स्तरीय महाअधिवेशन बूढ़ापारा इंडोर स्टेडियम में 13 एवं 14 अप्रैल को होने जा रहा है। इसी तारतम्य में सद्भावना बाइक रैली आयोजन के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए गुरुवार को निकाली जाएगी। महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा और रायपुर राज सचिव सुनील नायक ने बताया कि मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज ने दोपहर तीन बजे से सद्भावना रैली का आयोजन किया है। सद्भावना बाइक रैली शासकीय स्कूल मोवा के मैदान से शुरू होगी। इससे पहले समाज के युवा मोवा मैदान पहुंचेंगे। जहां से पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में बाइक रैली शहर भ्रमण के लिए निकलेगी।

इन मार्गों से गुजरेगी बाइक रैली

बाइक रैली अवंती बाई चौक, मंडी गेट, देवेंद्र नगर, पंडरी, खालसा स्कूल चौक, जेल रोड, मेकाहारा, देवेंद्र नगर तिराहा, फाफाडीह चौक, रेलवे स्टेशन चौक, तेलघानी नाका, अग्रसेन चौक, आमापारा चौक, लाखेनगर, पुरानी बस्ती, बूढ़ेश्वर मंदिर से होते हुए महाधिवेशन स्थल इंडोर स्टेडियम पहुंचेगी। बाइक रैली में केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप ,केंद्रीय कोषाध्यक्ष जागेश्वर बघेल, रायपुर राज प्रधान जगेश्वर वर्मा शामिल होंगे। इसमें रायपुर राजप्रधान महिला अध्यक्ष सरिता बघेल, युवा अध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा भी प्रमुख रूप से शामिल होंगे।

असंतुलित जीवन शैली से युवाओं में तेजी से बढ़ रहा है हृदयघात का खतरा

रायपुर। शहर की शैक्षणिक और सामाजिक संस्था 'युवा' द्वारा सीजीपीएससी और एसएससी, बैंकिंग जैसी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए विकी स्पेशल क्लास लगाई गई। इसमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. रविंद्र नाथ (एमडी कार्डियोलॉजी, अतिरिक्त निदेशक स्वास्थ्य विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार) विशेष रूप से छात्रों के बीच पहुंचे। उन्होंने छात्रों को शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक संतुलन और सफलता की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं में अचानक हृदयाघात की घटनाएं बढ़ रही हैं। विशेषकर शादी या पार्टी में डीजे पर डांस करते समय और जिम करते समय युवा इसकी चपेट में आ रहे हैं।

शरीर के संकेतों को समझना होगा

उन्होंने कहा कि ये घटनाएं शरीर के अंदर चल रहे असंतुलन और जीवन शैली की अनियमितताओं का परिणाम हैं। हृदय स्वास्थ्य के लिए सतर्क रहने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि पानी का हमारे शरीर में विशेष महत्व है। शरीर का ग्लूकोज स्तर बहुत कम हो जाए तो यह हृदय को प्रभावित कर सकता है। समय-समय पर पानी पीना और संतुलित भोजन लेना बेहद जरूरी है। हमें शरीर द्वारा दिए जा रहे संकेतों को समझना सिखना चाहिए।

शरीर के अलार्म को जरूर समझें

गाड़ी चलाते समय नींद आने लगे या अचानक रास्ते में बार-बार पेशाब आने लगे, तो शरीर के अलार्म को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। इन संकेतों का पालन करने से हम गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं। अंत में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए 'युवा' के संस्थापक एम. राजीव ने कहा कि संगोष्ठी ने छात्रों को न केवल अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण सिखाया, बल्कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का महत्व भी समझाया है। मुख्य अतिथि डॉ. रवींद्र नाथ का आज का उद्बोधन निश्चित रूप से युवाओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में सहायक सिद्ध होगा।

सिटी स्पोर्ट्स

ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल ने 6 विकेट से जीता मैच

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के तत्वावधान में रायपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा मेंस अंडर 16 इंटर स्कूल क्रिकेट टुर्नामेंट - 2025 का आयोजन 05 अप्रैल से 15 अप्रैल तक जारी है। पांचवे दिन बुधवार को पांचवा मैच कृष्णा विकास ग्लोबल स्कूल विरुद्ध ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल के मध्य आर.डी.सी.ए. मैदान, रायपुर में खेला गया। कृष्णा विकास ग्लोबल स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। कृष्णा विकास ग्लोबल स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 21.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 135 रनो का स्कोर बनाए। कृष्णा विकास ग्लोबल स्कूल की ओर से अंतरिक्ष एक्का ने सर्वाधिक 50 रन तथा मीहिर पटेल ने 28 रनों का योगदान दिया। वहीं ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल की ओर से कप्तान वेदांत सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुये 5 विकेट लिए। 136 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल ने 16 ओवरों में 4 विकेट खोकर 136 रनों का लक्ष्य प्राप्त कर लिया। ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल की ओर से समर्थ अग्रवाल ने 29 रन तथा अर्नव दानोदिया ने नाबाद 22 रनों की पारी खेली। कृष्णा विकास ग्लोबल स्कूल की ओर से गौरव, ध्यान तथा यश ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल ने मैच 6 विकेट से जीत लिया। वेदांत सिंह प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किये गये। 10 तथा 11 अप्रैल को प्रतियोगिता का दूसरा राउंड प्रांरभ होगा जिसमें कुल 2 नॉकऑउट मैच खेले जायेगें। 10 अप्रैल को ब्रम्हविद ग्लोबल स्कूल विरुद्ध छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल और 11 अप्रैल को आदर्श विद्यालय, मोवा विरुद्ध ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल मैच होगा।

सीनियर टी-20 ट्रायल कल

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सीनियर टी 20 इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसका प्रारंभ 18 अप्रैल को होना है। जिसके लिए छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के निर्देशानुसार सभी जिलों में सीनियर टी-20 ट्रायल लिया जाएगा और ट्रायल के पश्चात ही जिले की टीम बनेगी। जिला क्रिकेट संघ बिलासपुर द्वारा सीनियर टी-20 ट्रायल आधारशिला विद्या मंदिर स्कूल रमतला कोनी में बिलासपुर 11 अप्रैल को सुबह 9 बजे होगा। ट्रायल सफेद ड्यूज बाल से कराया जाएगा जिसके लिए सभी खिलाड़ियों को रंगीन वेशभूषा में उपस्थित होना है एवं अपनी स्वयं के किट लेकर आना अनिवार्य है। खिलाड़ियों को फॉर्म भरना होगा जिसके लिए हर बार की तरह इस बार भी अपने स्कूल के 6 साल की मार्कशीट, जन्म प्रमाण पत्र और पीवीसी आधार कार्ड का फोटोकॉपी, पासपोर्ट साइज फोटो और ट्रायल के लिए 500 रुपए फीस लाना होगा। यह सभी जानकारी क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने दी।

छत्तीसगढ़ ईस्ट जोन के लिए 100 महिला खिलाड़ियों ने दिया ट्रायल

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के द्वारा 6 अप्रैल को क्रिकेट संघ बिलासपुर के तत्वाधान में महिला के सभी वर्गो का ट्रायल रेलवे के मैदान में संपन्न कराया गया। जिसमें सेलेक्टर के रूप में सीएससीएस के चयनकर्ता तरुणेश परिहार और विकास अग्रवाल मौजूद थे। जिसमें महिला अंडर-15, अंडर-19, अंडर- 23 और सीनियर खिलाड़ियों का ट्रायल लिया गया। जिसमें अंडर-15 में 20, अंडर-19 में 41, अंडर-23 में 24 और सीनियर में 15 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सभी वर्गो को मिलाकर 100 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। ईस्ट जोन में विलासपुर के अलावा कोरबा, रायगढ़ और जांजगीर चांपा शामिल थे।

चयनकर्ताओं द्वारा सर्वप्रथम अंडर 15 का ट्रायल लिया गया, उसके बाद अंडर 19 , फिर अंडर 23 और अंत में सीनियर वर्ग के ट्रायल लिये गये। जिसमें फिजिकल फिटनेस, फील्डिंग, गेंदबाजी और बल्लेबाजी को परखा गया। ट्रायल के दौरान क्रिकेट संघ बिलासपुर के अध्यक्ष नवीन जाजोदिया, सचिव विंटेश अग्रवाल, आलोक श्रीवास्तव, आशीष शुक्ला, ओपी यादव, दिलीप सिंह, बीसीसीआई पिच क्यूरेटर शमीम मिर्जा, शैलेश सैमुएल, मनीष सक्सेना, डॉक्टर वैभव होटलवर, शेख अल्फ़ाज़, एस जावेद, अभिषेक सिंह , महेश दत्त मिश्रा, अभिनव शर्मा, सोनल वैष्णव, मोहम्मद जाकिर, नंदगिरीश, मोईन मिर्जा मौजूद थे। यह सभी जानकारी क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने दी।

मौसम के मिजाज को देखते हुए अस्पतालों ने शुरू कर दीं तैयारियां

अप्रैल में ही जारी होने लगा है लू का अलर्ट हार्ट-किडनी के मरीज भी हो जाएं सावधान

देश भर में गर्मी चरम की ओर जा रही है। छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न हिस्सों में पहले ही लू की चेतावनी दी जा चुकी है। दिल्ली-एनसीआर में लू का अलर्ट जारी होने के बाद से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। अस्पताल अभी से बीमार लोगों के इलाज की तैयारियों में जुट गए हैं। डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में पिछले साल तैयार किए गए हीट स्ट्रोक यूनिट को फिर से एक्टिव कर दिया गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सभी लोगों को सावधान किया है। पिछले कुछ दिनों से देशभर में तापमान में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है। अप्रैल के पहले हफ्ते में ही दिल्ली-एनसीआर का तापमान 40 तक पहुंच गया है। मंगलवार (8 अप्रैल) को दिल्ली का तापमान 38 डिग्री तक दर्ज किया गया। मौसम विभाग पहले से ही अलर्ट कर चुका है कि इस साल की गर्मी पुराने कई रिकॉर्ड्स तोड़ सकती है। समय से पहले हीटवेव और गर्मी के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर भी अलर्ट किया गया है। बढ़ती गर्मी के कारण न सिर्फ हाई ब्लड प्रेशर और हार्ट के मरीजों की समस्या बढ़ जाती है, ये किडनी और कई अन्य गंभीर बीमारियों के जोखिम को भी बढ़ा सकती है।

अस्पतालों ने शुरू कर दी तैयारी

दिल्ली-एनसीआर में लू का अलर्ट जारी होने के बाद से ही स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर है। अस्पताल अभी से बीमार लोगों के इलाज की तैयारियों में जुट गए हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में पिछले साल तैयार किए गए हीट स्ट्रोक यूनिट को फिर से एक्टिव कर दिया गया है। वहीं, लेडी हार्डिंग में हीट स्ट्रोक यूनिट तैयार किया जा रहा है। दिल्ली सरकार के अस्पतालों में आइस पैक का स्टॉक रखा जाएगा। हीट स्ट्रोक के शिकार मरीजों के शरीर का तापमान तुरंत सामान्य हो सकें, इसके लिए कई व्यवस्थाएं की गई हैं।

सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में पिछले साल 25 लोगों की हीट स्ट्रोक के कारण मौत हो गई थी। हालांकि, कई संगठनों के मुताबिक हीट स्ट्रोक से दम तोड़ने वाले मरीजों का आंकड़ा 193 के करीब था।

हार्ट और किडनी के मरीजों के लिए दिक्कतें बढ़ा सकता है तापमान

नोएडा स्थित एक अस्पताल में इंटेसिव केयर यूनिट के डॉक्टर रविकांत गुंजन बताते हैं, गर्म मौसम और हीटवेव किसी को भी प्रभावित कर सकता है, इसके कारण गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। जैसे-जैसे आपका शरीर बढ़ते तापमान के कारण गर्म होता जाता है, आपकी रक्त वाहिकाएं फैलने लगती हैं, जिससे रक्तचाप कम हो जाता है। इसके कारण आपके दिल को पूरे शरीर में रक्त का संचार करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ती है। ये मौसम हृदय के मरीजों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इन महीनों में बरती गई थोड़ी भी लापरवाही आपके स्वास्थ्य के लिए दिक्कतें बढ़ाने वाली हो सकती है।

गर्मी से होने वाली बीमारियों में चक्कर आना, बेहोशी, मतली और सिरदर्द आम हैं, पर कुछ जटिलताएं जानलेवा भी हो सकती हैं। ये मौसम किडनी की समस्याओं से पीड़ित लोगों के लिए और भी चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

किडनी पर असर

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, हीटवेव का आपकी किडनी पर भी नकारात्मक असर हो सकता है, वहीं जिन लोगों को पहले से ही किडनी की दिक्कत है उन्हें और भी सावधान रहना चाहिए। अत्यधिक गर्मी के संपर्क में रहने वाले लोगों में इलेक्ट्रोलाइट्स का असंतुलन, किडनी इंजरी होने या किडनी में पथरी होने का खतरा काफी बढ़ जाता है।

रात का भोजन कब और कितना करना चाहिए, आपको जानना जरूरी

भागदौड़ भरी जिंदगी ने हमारे जीवन में कई बदलाव ला दिए हैं। आजकल की व्यस्त दिनचर्या और अनियमित लाइफस्टाइल के कारण अक्सर हम अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देते हैं। सही समय पर और हेल्दी डाइट का ध्यान रखना बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन हम कई बार इसे अनदेखा कर आगे बढ़ जाते हैं। इसका सीधा असर हमारे शरीर पर पड़ता है।

स्वस्थ शरीर के लिए पौष्टिक आहार

स्वस्थ और फिट रहने के लिए पौष्टिक और संतुलित आहार बेहद जरूरी है। विशेषकर रात का भोजन सही समय पर और सही मात्रा में लेना अत्यधिक महत्वपूर्ण है। एक्सपर्ट्स और कई शोध बताते हैं कि फिटनेस बनाए रखने के लिए डिनर पर ध्यान देना चाहिए। कुछ खास आइटम्स हैं जिन्हें रात के भोजन में शामिल न करना ही बेहतर होता है।

रात का भोजन और समय

ऑफिस में देर तक काम करने, टीवी देखने या मोबाइल में व्यस्त रहने के कारण हम अक्सर रात का खाना सही समय पर नहीं खा पाते। थकावट के बाद सही समय पर डिनर करना बहुत जरूरी है। अगर आप देर से खाना खाते हैं, तो इससे भोजन पचने में कठिनाई होती है और आपकी नींद भी प्रभावित हो सकती है।

सही भोजन का चुनाव

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, सुबह का नाश्ता भारी होना चाहिए और रात का खाना हल्का होना चाहिए। इससे मेटाबॉलिज्म और पाचन क्रिया सही रहती है। हैवी भोजन रात के समय पाचन संबंधी समस्याएं उत्पन्न कर सकता है। डिनर और सोने के समय के बीच कम से कम तीन घंटे का अंतर होना चाहिए। रात के भोजन में रोटी, दाल, मिक्स वेजिटेबल, सलाद और पत्तेदार हरी सब्जियों को शामिल करना चाहिए। पत्तेदार हरी सब्जियों में भरपूर फाइबर होता है, जो सेहत और डाइजेस्टिव सिस्टम को बेहतर बनाता है। डिनर में दाल से बनी खिचड़ी, दाल का सूप, वेजिटेबल सलाद, ओट्स और दलिया अच्छे विकल्प हैं क्योंकि ये सुपाच्य होते हैं यानी आसानी से पच जाते हैं। कुल मिलाकर, ऐसा खाना चुनें जो आसानी से पचे।

चाय और कॉफी का सेवन

एक महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि देर तक काम करते समय चाय या कॉफी का सेवन करना आम बात है, लेकिन डिनर के बाद इन्हें पीने से नींद आने में दिक्कत होती है। चाय और कॉफी में कैफीन होता है, जो नींद को प्रभावित कर सकता है। इसके बजाय, डिनर के कुछ समय बाद गुनगुना दूध पीना फायदेमंद हो सकता है। गुनगुना दूध हड्डियों को मजबूत करता है और नींद को बेहतर बनाता है। इस प्रकार, सही समय पर और संतुलित आहार के साथ-साथ कुछ आदतों को अपनाकर आप अपनी सेहत को बेहतर बना सकते हैं और एक स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।

एकाग्रता बढ़ाने के लिए करें इन योगासनों का अभ्यास, पढ़ाई में बेहतर बनेगा छात्र

नियमित योगाभ्यास न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुधारता है, बल्कि मानसिक संतुलन और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को भी बढ़ाता है। यहां कुछ योगासन और प्राणायाम दिए गए हैं जो विशेष रूप से छात्रों के लिए उपयोगी हैं।

बच्चा कितने भी उत्साह से पढ़ने बैठता हो लेकिन कुछ देर में ही वह बोरियत महसूस करने लगता है। पढ़ते-पढ़ते नींद आना, पढ़ा हुआ कुछ ही घंटों में भूल जाना या पढ़ाई में मन न लगना, ऐसी तमाम समस्याएं हैं जिसका छात्रों को सामना करना पड़ता है। इन समस्याओं का एक कारण एकाग्रता की कमी है। एकाग्र मस्तिष्क याददाश्त तेज बनाता ही है, साथ ही पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करने में भी सहायक है। ऐसे में पढ़ाई में बेहतर करने के लिए छात्रों को एकाग्रता बढ़ाने की जरूरत होती है।

मस्तिष्क को तेज करने, याददाश्त मजबूत करने और एकाग्रता बढ़ाने के लिए योगासन अत्यंत प्रभावी हो सकते हैं। नियमित योगाभ्यास न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुधारता है, बल्कि मानसिक संतुलन और

ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को भी बढ़ाता है। यहां कुछ योगासन और प्राणायाम दिए गए हैं जो विशेष रूप से छात्रों के लिए उपयोगी हैं।

ताड़ासन: इस आसन के अभ्यास से शारीरिक और मानसिक संतुलन बढ़ता है। लंबे समय तक बैठकर पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए यह फायदेमंद योग क्रिया है। ताड़ासन के अभ्यास के लिए सीधे खड़े होकर अपने हाथों को सिर के ऊपर जोड़ें। पंजों पर खड़े होकर अपने शरीर को ऊपर की ओर खींचें। कुछ सेकंड तक इस स्थिति में रहें और धीरे-धीरे सामान्य स्थिति में लौटें।

इस तरह बनाएं भोग के लिए परफेक्ट हलवा

कई बार ऐसा होता है कि भोग के लिए बनने वाला सूजी का हलवा वैसा नहीं बनता, जैसा हम चाहते हैं। ऐसे में हम आपको इसे बनाने की सही विधि के बारे में बताएंगे। साथ ही ये भी बताएंगे कि हलवा बनाते समय आपको क्या गलतियां नहीं करनी हैं।

सबसे पहले जानें हलवा बनाने की विधि

पहले जान लें कि आखिर आप आसान विधि से सूजी का हलवा कैसे बना सकते हैं। इसके लिए सही नाप का होना बेहद जरूरी है। सही नाप के लिए एक छोटी कटोरी सूजी लें, अब उसी कटोरी से नाप के सूजी की दोगुनी चीनी लें। सेम कटोरी से आपको 4 गुना पानी की जरूरत होगी। इसके साथ-साथ इलायची पाउडर, बादाम और काजू की भी आपको जरूरत पड़ेगी।

शिमला-मनाली नहीं, गर्मियों में इन जगहों पर जाकर आपको ठंडक के साथ मिलेगा सुकून

धुंध भरे पहाड़ों, खूबसूरत झीलों के बीच शांति और प्राकृतिक सुंदरता का अनुभव लेने के लिए आपको कुछ ऑफबीट हिल स्टेशनों के बारे में बताया जा रहा है, जहां आप गर्मियों के महीने में घूमने की योजना बना सकते हैं। अप्रैल का महीना है और राजधानी दिल्ली समेत कई शहरों में तापमान लगभग 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। चटकती गर्मी से राहत पाने के लिए लोग ठंडी जगहों पर जाना चाहते हैं। हालांकि कम तापमान या ठंडी जगहों का जिक्र होते ही सबसे पहले शिमला मनाली की याद आती है।

स्पीति वैली

स्पीति वैली हिमाचल प्रदेश के सबसे ठंडे हिल स्टेशनों में शामिल है। यहां सर्दियों में बहुत ज्यादा ठंड पड़ती है लेकिन गर्मी के मौसम में भी यहां का तापमान सर्दियों की तरह ही कड़कड़ाती ठंड वाला होता है। बर्फ से ढके पहाड़ों के बीच गर्मी में भी सर्दी को महसूस किया जा सकता है। अप्रैल के महीने में स्पीति वैली का तापमान अप्रैल के महीने में माइनस में रहता है। न्यूनतम यहां माइनस 13 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम 3 डिग्री सेल्सियस तापमान रहता है। यह मार्च से जून तक पर्यटकों के लिए बेहतरीन डेस्टिनेशन है।

कैसे पहुंचें स्पीति वैली

ट्रेन से स्पीति वैली की यात्रा करना चाहते हैं तो सबसे

निकटतम रेलवे स्टेशन जोगिंदर नगर स्टेशन हैं जो कि 169 किमी दूर है। यहां से आप अपने गंतव्य के लिए टैक्सी या स्थानीय बस के जरिए पहुंच सकते है।जोगिंदर नगर के लिए आप पठानकोट से टॉय ट्रेन का सफर भी कर सकते हैं।

तवांग

अरुणाचल प्रदेश का तवांग अपने ठंडे मौसम और खूबसूरत मठों के लिए पर्यटकों के बीच आकर्षण का केंद्र है। यहां इस महीने औसतन अधिकतम तापमान 14 डिग्री और न्यूनतम 2 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। तवांग में भारत का सबसे बड़ा और दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मठ भी स्थित है। प्राकृतिक नजारों, सुहावने मौसम के बीच सुकून भरी छुट्टियां बिताने के लिए तवांग की यात्रा की जा सकती है।



फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

'मिशन इम्पॉसिबल द फाइनल रेकनिंग'की मची धूम, प्लेन से लटक कर टॉम क्रूज ने किया ऐलान

टॉम क्रूज की आगामी फिल्म 'मिशनः इम्पॉसिबल द फाइनल रेकनिंग' का नया ट्रेलर आया है। अभिनेता टॉम क्रूज ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर करते हुए इसकी घोषणा की। टॉम के फैंस को उत्सुकता को इस पोस्ट ने बढ़ा दिया है।

अभिनेता ने एक्स पर जो तस्वीर शेयर की उसमें वह एक प्लेन के पहिए से लटकते नजर आ रहे हैं। वह इस फ्रेंचाइजी की आठवीं किस्त में एथन हंट के रूप में वापसी कर रहे हैं। अटकलें लगाई जा रही हैं कि यह वही ट्रेलर है, जो पिछले सप्ताह सिनेमाकॉन में दिखाया गया था, जिसमें क्रूज के सुपरस्पाई को एक हवाई बाइप्लेन के पंखे से लटकते हुए और एक जहाज के डेक से समुद्र में छलांग लगाते हुए देखा गया था। नवंबर में फिल्म का एक ट्रेलर दिखाया गया था, जिसमें पिछली फिल्म में एरिका स्लोएन के रूप में एंजेला बैसेट की वापसी की पुष्टि की गई थी, जो पिछली फिल्म में नहीं दिखी थीं। अन्य वापसी करने वाले कलाकारों में विंग रेम्स और साइमन पेग शामिल हैं, जो एथन के आईएमएफ टीम के साथी लूथर स्टिकेल और बेनजी डन की भूमिका में हैं। हेले एटवेल ग्रेस की भूमिका में, एसाई मोरालेस गेब्रियल की भूमिका में, वैनेसा किर्बी अलाना मित्सोपोलिस की भूमिका में और पॉम क्लेमेंटिएफ पेरिस की भूमिका में नजर आएंगे। नए कलाकारों में हन्नाह वाडिंग हैम, कैटी ओ'ब्रायन, जेनेट मैकटीर, लुसी तुलुगरजुक और ट्रैमेल टिलमैन शामिल हैं।'मिशनः इम्पॉसिबल द फाइनल रेकनिंग' 23 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी

टॉलीवुड

'सरदार 2' के मेकर्स फैंस को दिया डबल तोहफा, देश को बड़े खतरे से बचाने निकले

साउथ स्टार कार्ति की मच अवेटेड फिल्म 'सरदार 2' के मेकर्स ने फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। मेकर्स ने सफल जासूसी फिल्म के अगले भाग का फर्स्ट लुक और टीजर वीडियो जारी कर दिया गया है। इस फिल्म के जरिए कार्ति एक बार फिर बड़े पर्दे पर तहलका मचाने आ रहे हैं।

'सरदार 2' के मेकर्स ने कार्ति के फैंस का दिन बना दिया है। मेकर्स ने फिल्म का एक टीजर वीडियो जारी किया है, जिसे प्रोलॉग वीडियो बताया है। लगभग तीन मिनट लंबे इस वीडियो में कार्ति जबरदस्त एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं। टीजर की शुरूआत में चीनी सेना दिखती है। चीनी सेना एक व्यक्ति से पूछती है कि क्या डेलीगेट अभी भी अंदर है? व्यक्ति कहता है हां, दरवाजा बंद हुए एक घंटा हो चुका है। जिसके बाद सेना दरवाजे को तोड़ने का प्रयास करने लगती है। वहीं दरवाजे के अंदर तलवारों से युद्ध चल रहा है। जिसमें एक तलवार पर सबसे पहले कार्ति की झलक दिखती है।

उसके बाद कार्ति दरवाजे के अंदर तलवार लेकर एक्शन करते नजर आते हैं। काफी एक्शन के बाद एक व्यक्ति कार्ति से पूछता है तुम कौन शैतान हो और मुझसे क्या चाहते हो? इसके बाद वो व्यक्ति कार्ति के ऊपर हमला करता है, लेकिन वो उससे बच जाते हैं। इसके बाद कार्ति का पूरा लुक सामने आता है और वो व्यक्ति कार्ति को देखकर कहता है सरदार।

बाद में वो व्यक्ति सरदार से कहता है कि तुम्हारे देश की ओर एक बड़ी प्रलय आ रही है। जिसे कोई नहीं रोक पाया है। पूरी दुनिया की खुफिया एजेंसियां उसके पीछे पड़ी हैं। ब्लैक डैगर आ रहा है। इसके साथ ही एसजे सूर्या के किरदार की दमदार तरीके से एंट्री होती है। वहीं सरदार उस व्यक्ति से कहता है कि हमारे देश में एक कहावत है कि 'जब युद्ध हम पर हावी होता है, हम जीवन की परवाह नहीं करते।'इसके बाद कार्ति उस व्यक्ति को मार देता है।

भोजपुरी

अनिषा को परेशान करते नजर आए खेसारी दोनों के बीच दिखी गजब की केमिस्ट्री

खेसारी लाल यादव भोजपुरी इंडस्ट्री के एक जाने माने कलाकार है और आपको बता दें कि वह आज किसी भी पहचान के मोहताज नहीं है। खेसारी लाल यादव ने काफी कड़ी मेहनत के बाद में इस मुकाम को हासिल किया है और आज उनके लाखों में फैन्स भी है। वह हर एक दिल पर राज करते हैं और साथ ही साथ फैन्स उनको काफी पसंद करते हैं। जानकारी के लिए आपको बता दें कि खेसारी लाल यादव की सीन किसी वजह से हमेशा चर्चा में रहते हैं। अक्सर उनके नए से लेकर पुराने गाने भी खूब वायरल रहते हैं। अब इसी बीच उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। दरअसल खेसारी लाल यादव का एक नया गाना आया है। खेसारी लाल यादव के साथ इस गाने में भोजपुरी एक्ट्रेस अनिशा को देखा जा रहा है। इस दौरान खेसारी लाल यादव भी अनिशा को छेड़ते हुए नजर आते हैं। जहां अनिशा को बहुत ज्यादा गर्मी लग रही होती है तो वही खेसारी लाल यादव उनको बार-बार परेशान करते हुए देखने के लिए मिल रहे हैं। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। खेसारी लाल यादव के इस नए गाने का नाम 'हाक दिही बेना' है। इस गाने में दोनों के बीच में खूब नोक झोक देखने को मिल रही है। खेसारी लाल यादव और अनिशा दोनों ही इस गाने में जमकर डांस करते और एक दूसरे पर प्यार लुटाते हुए देखे जा सकते हैं।

गर्मियों का ट्रेंड

दुनिया में दो तरह के लोग हैं: एक वो जो गर्मियों में हल्के कपड़े पहनना पसंद करते हैं और दूसरे वो जो पतझड़ के मौसम में बाहरी कपड़ों और लेयरिंग का बेसब्री से इंतज़ार करते हैं। आपकी पसंद चाहे जो भी हो, दोनों मौसमों को एक साथ पहनने मेंस फैशन का एक स्मार्ट तरीका है। इन दिनों गर्मियों के दिन के लिए हल्के कपड़ों का फैशन बाजार में छाया हुआ है। मॉडल भी इसे हाथों-हाथ ले रहे हैं।

सूट सिलवाने जा रही हैं तो टेलर से जरूर कहें ये बातें, वरना लुक देखकर हंसेंगे लोग

सूट एक ऐसा परिधान है, जिसे किसी भी मौके पर पहना जा सकता है। शादी-विवाह से लेकर सूट को दफ्तर तक में लड़कियां पहनना पसंद करती हैं। यदि कहीं पूजा-पाठ के काम में जाना हो, तो भी सूट एक बेहतर विकल्प माना जाता है।

वैसे तो बाजार में अब रेडीमेड सूट आते हैं, लेकिन टेलर से सिलवाए हुए सूट की फिटिंग की बात ही अलग होती है। यदि आप भी टेलर भैया के पास सूट सिलवाने जा रही हैं तो उनसे कुछ बातें अवश्य कहें। अगर आप इन बातों को कहने में शर्माएंगी तो आपका पूरा लुक ही खराब हो सकता है।

फिटिंग सही रखना

जब भी सूट सिलवाने जा रही हैं तो अपने टेलर को नाप सही से दें। यदि खुद नाप देने की जगह फिटिंग का सूट दे रही हैं तो टेलर से जरूर कहें कि फिटिंग परफेक्ट होनी चाहिए। सूट यदि हल्का ढीला या फिर टाइट हुआ तो ये न सिर्फ देखने में अजीब लगेगा, बल्कि इसे कैरी करके आपको भी असहज महसूस होगा। इसलिए सही फिटिंग की बात अवश्य कहें।

यही डिजाइन रखना

कभी भी सूट में आस्तीन और गले की डिजाइन बनवाने के लिए टेलर से ये न कहें कि अपने मन से डिजाइन बना दो। बल्कि इसके लिए

खुद से ही डिजाइन का सिलेक्शन करें। अपनी पसंद के हिसाब से डिजाइन पसंद करें और टेलर से कहें कि जो डिजाइन बताई है वही रखना। डिजाइन को खराब मत करना।

सिलाई मजबूत रखना

इस बात को टेलर से कहना कभी न भूलें। क्योंकि यदि सूट की सिलाई थोड़ी सी भी कमजोर हुई तो इसकी वजह से आपको शर्मिंदगी का शिकार होना पड़ सकता है। इसलिए अपने टेलर से कहें कि सिलाई अच्छे से मजबूती से ही करना, ताकि ये उधड़ न जाए।

बैसाखी के लिए ऐसे सूट हैं परफेक्ट आज ही जाकर बाजार से खरीद लें

इस साल बैसाखी का त्योहार 13 अप्रैल को मनाया जाएगा। ऐसे में आप अपने लिए खूबसूरत सूट पहले से ही खरीद सकती हैं। पंजाब में बैसाखी का त्योहार काफी धूमधाम से मनाया जाता है। इस त्योहार के लिए लोग सालभर इंतजार करते हैं, क्योंकि ये खुशियों और समृद्धि से जुड़ा हुआ त्योहार है।

इस दिन पुरुष और महिलाएं खूब अच्छे और पारंपरिक तरह से तैयार होते हैं। महिलाएं इसके लिए कई-कई दिन पहले से खरीदारी कर लेती हैं। यदि आप भी बैसाखी के दिन सबसे प्यारी दिखना चाहती हैं तो अपने लिए खास सूट तैयार कराएं। यहां हम आपको सूट के कुछ विकल्प देने जा रहे हैं, ताकि आपका अंदाज सबसे प्यारा दिखे।

पटियाला सूट

यदि आप कुछ पारंपरिक पहनने का सोच रही हैं तो ऐसे सूट से बेहतर विकल्प आपके लिए हो नहीं सकता। आप चाहें तो इस तरह का गुलाबी पटियाला और उसके साथ पीले रंग का कुर्ता अपने लिए बनवा सकती हैं। ऐसे सूट के साथ अपने लुक को पारंपरिक ही रखें और बालों में चोटी के साथ परांदा लगाएं।

शरारा सूट

कुछ अलग सा परिधान कैरी करना है तो शरारा सूट एक बेहतर विकल्प साबित हो सकता है। ये पहनने में भी काफी आरामदायक होता है। इसे बनवाते समय कुर्ते को शॉर्ट रखें और उसके साथ पहने जाने वाले शरारा में घेर काफी ज्यादा रखें। कम घेर वाला शरारा आपका लुक बिगाड़ सकता है।

अगंरखा सूट

ये सूट दिखता तो अनारकली के जैसा ही है, लेकिन इसकी फ्रंट की डिजाइन काफी अलग होती है। ऐसे में आप भी यदि कुछ अलग लेकिन हैवी सा पहनने का सोच रही हैं तो अपने लिए ऐसा ही अंगरखा सूट तैयार कराएं। ऐसे सूट बाजार के साथ-साथ ऑनलाइन भी आसानी से मिल जाते हैं।

गर्मी से झुलसने लगा चेहरा तो इस्तेमाल करके देख लें एलोवेरा से बने मास्क

अप्रैल का महीना चल रहा है और तेज धूप की वजह से लोगों का हाल बेहाल है। इस धूप का असर न सिर्फ लोगों के स्वास्थ्य बल्कि उनकी त्वचा पर भी देखने को मिल रहा है। तेज धूप के कारण लोगों की त्वचा अभी से बेजान रहने लगी है। सनबर्न और टैनिंग ने अभी से लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है। ऐसे में चेहरे का ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है।

यदि आप भी इन्हीं तरह की दिक्कतों से परेशान हैं तो एलोवेरा से बने कुछ फेस मास्क को इस्तेमाल करके देखें। एलोवेरा से बने ये फेस मास्क आपके चेहरे को डाइड्रेट रखेंगे और त्वचा को ठंडक पहुंचाने का काम करेंगे। इस फेस मास्क के इस्तेमाल से पहले एक बार पैच टेस्ट अवश्य करें, ताकि किसी तरह की एलर्जी की संभावना न रहे।

एलोवेरा और शहद

इन दोनों चीजों से मास्क बनाना काफी आसान है। इसके लिए आपको बस एक कटोरी में इन दोनों चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करना है। इसे मिक्स करते समय ये ध्यान रखें कि ये ज्यादा पतला न हो, वरना चेहरे पर लेयर नहीं बन पाएगी। मिश्रण तैयार होने के बाद चेहरे पर इसकी एक पतली लेयर लगाएं। 20 मिनट के बाद अपने चेहरे को पानी से धो लें। इससे भी आपको राहत मिलेगी।

एलोवेरा और नींबू

नींबू वाले इस मास्क का इस्तेमाल तभी करें, जब ये आपको सूट करता हो। क्योंकि अक्सर नींबू की वजह से ही लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस मास्क को तैयार करने के लिए सबसे पहले एलोवेरा और नींबू का रस मिलाकर चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट के बाद अपने चेहरे को पानी से धो लें और कुछ ही दिन बाद इसका असर देखें।

गर्मी में भी फट रहे हैं होंठ तो इस्तेमाल करें इन्हें, मिलेगा आराम

सर्दियों में होंठ फटना तो बेहद आम बात है, लेकिन जब गर्मी में भी होंठ फटते हैं, तो ये चिंता का विषय हो जाता है। लेकिन आज के समय में तेज धूप, प्रदूषण और अन्य परेशानियों की वजह से ज्यादातर लोग होंठों के फटने से परेशान हैं।

यदि आप भी उन्हीं लोगों में से हैं, जिनके होंठ गर्मी में फट रहे हैं तो कुछ चीजों का इस्तेमाल करके आप इस परेशानी से राहत पा सकते हैं। यहां हम आपको इन्हीं चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, ताकि आप भी इस परेशानी से आतान तरीके से राहत पा सकें।



नारियल का तेलः यदि आपके होंठ फटना बंद नहीं हो रहे हैं तो आप नारियल के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें पाए जाने वाले तत्व आपके होंठों को सूखने से बचाते हैं। इसका इस्तेमाल करना काफी आसान है। इस्तेमाल के लिए केवल रात के समय में होंठों पर नारियल का तेल लगाएं और ऐसे ही सो जाएं।

शहदः शहद के इस्तेमाल से आपको फटे हुए होंठों से राहत मिलेगी। इसके इस्तेमाल के लिए होंठों पर शहद की पतली सी लेयर लगाएं। 10 से 15 मिनट तक इसे ऐसे ही होंठों पर लगा रहने दें और फिर हल्के हाथ से पोंछ लें। हल्के हाथ से पोंछने के बाद होंठों पर मॉइश्चराइजर लगाएं और सो जाएं।

एलोवेराः एलोवेरा का पौधा तो लगभग हर घर में होता है। ऐसे में आप इसके इस्तेमाल से भी अपने फटे हुए होंठों को सही कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए रात के समय एलोवेरा जेल को होंठों पर लगाएं और फिर कुछ ही दिनों में इसका असर देखें।

कार्नर न्यूज

कपड़ों के रंगों के अनुसार भी शरीर को मिलती है ठंडक

गर्मी के मौसम में हर किसी के पास होने चाहिए इन रंगों के कपड़े, जो पहुंचाएंगे पूरा आराम

यदि गर्मी के मौसम में आप शरीर को ठंडक पहुंचाना चाहते हैं तो कुछ खास रंगों के कपड़े खरीदकर अपने कलेक्शन में उन्हें शामिल करें। हर कोई मौसम के हिसाब के अपने कपड़ों का चयन करता है। किस मौसम में कौन से फैब्रिक के कपड़े पहनने हैं, इस बारे में तो हर कोई जानता है, लेकिन किस रंग के कपड़े पहनने चाहिए ये ज्यादातर लोगों के लिए बड़ा सवाल होता है। आपके इसी सवाल का जवाब आज हम देंगे। यहां हम आपको बताएंगे कि गर्मी के मौसम में किस रंग के कपड़े पहनने चाहिए। खास हल्के रंगों के कपड़े आपके शरीर के तापमान को मैंटेन करके रखते हैं। ऐसे में यदि आप खास रंगों के कपड़े गर्मी के मौसम में पहनेंगे तो आपके शरीर को भी गर्मी से राहत मिलेगी।

सफेदः गर्मी के मौसम में हर किसी के पास सफेद रंग के आउटफिट तो होने ही चाहिए। सफेद रंग शरीर को काफी ठंडक पहुंचाते हैं। पुरुषों के पास इस रंग की शर्ट और टीशर्ट अवश्य होना चाहिए। वहीं महिलाओं के पास भी इस रंग के कपड़े होने चाहिए। सफेद रंग के आउटफिट्स को अलग-अलग तरह स्टाइल किया जा सकता है।

स्काई ब्लूः डार्क नीला रंग तो गर्मी के मौसम में आपको परेशान कर सकता है, लेकिन यदि आप स्काई ब्लू रंग के कपड़े पहनेंगे तो आपको अवश्य ही आराम मिलेगा। स्काई ब्लू रंग न सिर्फ आंखों को देखने में भाता है, बल्कि इसको पहनने से शरीर को भी ठंडक मिलती है। ऐसे में आप भी इस रंग के कपड़े कैरी कर सकते हैं।

पीच कलरः ये रंग हल्का और

आरामदायक होता है, और आपको कूल बनाए रखता है। बाजार में पीच रंग के कई शेड मिलते हैं, जिसे आप अपनी पसंद के हिसाब से खरीद सकते हैं। ये रंग लड़कों के साथ-साथ लड़कियों पर भी खूब जचता है। इसे भी आप आसानी से कभी भी कैरी कर सकते हैं।

बेबी पिंकः यदि आप गर्मी के मौसम में डार्क गुलाबी रंग के कपड़े पहनेंगे तो इससे आपको ही परेशानी होगी। इसलिए इस मौसम में पहनने के लिए बेबी पिंक रंग के आउटफिट अपने कलेक्शन में शामिल करें। हल्का गुलाबी रंग आपको न सिर्फ खूबसूरत दिखने में मदद करता है, बल्कि इस रंग को कैरी करने से आपको भी अच्छा लगेगा।

लाइट येलोः पीला रंग देखने में अच्छा भी लगता है। यदि आप गर्मी के मौसम में पहनने के लिए कुछ खास रंग की तलाश कर रहे हैं तो हल्का पीला रंग आपके लिए बेहतर विकल्प साबित हो सकता है। ऐसे में ज्यादा सोचें नहीं और झटपट से इन्हीं रंगों को अपने कलेक्शन में साबित करें।